Follow us on :
bharatbhaskar.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# भारत भास्कर

हर खबर का असर
डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023
● वर्ष : 15 ● अंक-211 ● रायपुर, बुधवार 30 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179

सूर्योदय 6.22
सूर्यास्त 5.38
श्रावण अधि. मास
शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी

**सुविचार**

डरने वालो को नही मिलता कुछ ज़िन्दगी में, लड़ने वालों के कदमो में जहांन होता है।

-स्वदेश तिवारी



3 रेवती रमण मिश्र कॉलेज में मनाया गया मेजर ध्यानचंद जयंती



5 बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री ने किया राशि का अंतरण



7 नरहरपुर में हुई किसानों एवं अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

## रायपुर में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा-सबसे बढ़िया राज्य के सबसे बढ़िया मुख्यमंत्री

# राम राज्य चाहिए तो राम-सीता बनना होगा-राष्ट्रपति द्रौपदी......

रायपुर/ संवाददाता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि, अगर आप राम राज्य का सपना देख रहे हैं तो आपको राम और सीता बनना होगा। देश को विश्व गुरू बनाने के लिए उसी दिशा में कदम रखना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि, हमारा देश नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। चाहे चांद पर तिरंगा लहराना हो या फिर विश्व स्तर पर खेल-कूद में नए अध्याय लिखने हों। वहीं उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के स्टूडेंट्स के खुदकुशी करने के मामलों को लेकर भी चिंता जताई। राष्ट्रपति अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर गुरुवार को रायपुर पहुंची हैं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से शांति सरोवर आश्रम में हो रहे कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि, एक अत्यंत गंभीर विषय है। कुछ दिनों पहले ही हृश्वश्वज्ञ की तैयारी करने वाले दो विद्यार्थियों ने अपने जीवन, सपनों और अपने भविष्य का अंत कर दिया। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पढ़ाई कर रहे कई बच्चों ने पिछले दिनों आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि, प्रतिस्पर्धा एक सकारात्मक भाव है, जिससे जीवन संवरता है। हार-जीत तो जीवन का हिस्सा है। आज मैं बहुत खुश हूं कि छत्तीसगढ़ की धरती पर आकर आप सबसे मिलने का अवसर मिला। राष्ट्रपति के रूप में छत्तीसगढ़ आकर अपने लोगों से मिलने की इच्छा पूरी हुई। कहावत है कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। सबसे बढ़िया राज्य के सबसे बढ़िया मुख्यमंत्री यहां आए, इसके लिए उन्हें धन्यवाद। मुझे बहुत दुख होता है जब कुछ बच्चों में नकारात्मक भाव उत्पन्न हो जाते हैं। क्षणिक असफलता में भविष्य की सफलता निहित होती है। मेरी इस भावी पीढ़ी के परिवार के लोगों, दोस्तों, अध्यापकों और समाज से अपील है कि वे इन बच्चों की मानसिकता को समझकर इनकी सहायता करें। अगर बच्चों पर पढाई का, प्रतियोगिता का दबाव है तो सकारात्मक सोच से उसे दूर करें। हर एक व्यक्ति को ईश्वर ने अलग बनाया है और सब में अनोखी प्रतिभाएं होती हैं। दूसरों से प्रेरणा लेना अच्छी बात है लेकिन अपनी रुचियों, अपनी क्षमताओं को समझकर सही दिशा का चुनाव करना चाहिए। कठिनाइयां तो हर व्यक्ति के जीवन में आती हैं लेकिन एक जागरूक मनुष्य कठिनाइयों को पार कर जाता है। सही अर्थों में सचेत व्यक्ति संवेदनशील और विनम्र होने के साथ-साथ आत्म-विश्वास से भरा होता है। आज हम सब टेक्नोलॉजी के युग में जी रहे हैं और बच्चे भी आज कल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक बात मैं हर बच्चे, युवा और बुजुर्ग से कहना चाहती हूं कि सदा सकारात्मक विचार और अच्छे लोगों के साथ रहिए। ऐसे लोगों के बीच में रहिए जो आपको सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा और आगे बढ़ने में आपका साथ दें।




### बेटी इतिश्री के साथ राष्ट्रपति ने की भगवान जगन्नाथ की पूजा

इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी बेटी इतिश्री के साथ भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर पूजन और आरती भी की। इस दौरान उनके साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। यह पहला मौका है, जब राष्ट्रपति अपनी बेटी के साथ किसी यूनिवर्सिटी और धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आई हैं। राष्ट्रपति की बेटी इतिश्री पेशे से बैंकर हैं। अपने पिता श्यामचरण मुर्मू और दो भाइयों को खोने के बाद बेहद कठिन समय में मां द्रौपदी मुर्मू का सहारा बनीं थीं। इतिश्री के पति गणेश चंद्र हेम्ब्रम रग्बी खिलाड़ी हैं।

### सीएम ने राष्ट्रपति को भेंट की रूद्र शिव की प्रतिमा

राष्ट्रपति मुर्मू दोपहर में राजभवन में ब्रह्माकुमारी प्रजापिता की ओर से आयोजित भोज में शामिल हुईं। वहां बिना प्याज और लहसुन के ब्रम्हाकुमारियों ने सात्विक भोजन तैयार किया था। राष्ट्रपति इसके बाद रायपुर में महंत घासीदास संग्रहालय पहुंची और अवलोकन किया। इस दौरान सीएम ने राष्ट्रपति को रूद्र शिव की प्रतिमा की प्रतिकृति भेंट की। बिलासपुर के ताला की रुद्रशिव की यह अद्वितीय मूर्ति शिल्पकला का सबसे अनोखा रचनांश है। लाल बलुआ पत्थर से बनी यह मूर्ति दो मीटर से भी अधिक ऊंची है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने निकाली चीन की हेकड़ी, मानक मानचित्र को किया सिरे से खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन द्वारा जारी तथाकथित 2023 ' मानक मानचित्र ' को निराधार और भारतीय क्षेत्र का अतिक्रमणकारी बताते हुए चीन सरकार से कड़ा विरोध व्यक्त किया है। चीन के इस तथाकथित मानचित्र के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, हमने आज चीन के उस तथाकथित 2023 ' मानक मानचित्र ' पर चीनी पक्ष के साथ राजनयिक चैनलों के माध्यम से कड़ा विरोध दर्ज कराया है जो भारत के क्षेत्र पर दावा करता है। बागची ने कहा, हम इन दावों को खारिज करते हैं क्योंकि इनका कोई आधार नहीं है। चीनी पक्ष के ऐसे कदम केवल सीमा प्रश्न के समाधान को जटिल बनाते हैं। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन को ऐसे नक्शे जारी करने की आदत है। उन्होंने कहा कि ऐसे दावे करने से दूसरों का एरिया उनका नहीं हो जाता।

### कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बाद मणिपुर विधानसभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**इंफाल।** मणिपुर विधानसभा के बहुप्रतीक्षित एक दिवसीय सत्र को अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह ने कार्यवाही शुरू होने के एक घंटे के भीतर अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। दरअसल, कांग्रेस विधायकों ने सत्र को कम से कम पांच दिनों के लिए बढ़ाने की मांग करते हुए सदन में हंगामा किया। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगति कर दिया। अपने विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने सदन को बताया कि राज्य में 3 मई से हो रही जातीय हिंसा पर चर्चा करने के लिए एक दिन पर्याप्त नहीं है। इस एक दिन के सत्र में भी सवाल पूछने की इजाजत नहीं दी गई। विधानसभा में श्रद्धांजलि की औपचारिकता के तुरंत बाद कांग्रेस विधायकों ने राज्य में लोकतंत्र की हत्या हो रही है

### महाराष्ट्र में अधूरी मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन, मंत्रालय के अंदर सुरक्षा जाल पर कूदे

**मुंबई।** वर्धा के सैकड़ों किसान अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन के दौरान कई किसान मंगलवार को लंबित मांगों पर दबाव बनाने के लिए राज्य सरकार के मुख्यालय, मंत्रालय के प्रतीक्षा कक्ष में लगाए गए भारी सुरक्षा जालों पर कूद गए। किसान कथित तौर पर वहां स्थापित एक चिकित्सा शिविर में भाग लेने के लिए छोटे समूहों में मंत्रालय के अंदर आए थे। लेकिन अचानक उन्होंने सरकार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए और पीडब्ल्यूडी मंत्री दादा भुसे का घेराव करने की कोशिश की और फिर सुरक्षा जाल पर कूद गए।

## बीजेपी को 20 साल बाद जारी होने वाले दस्तावेज से उम्मीद

# बघेल के खिलाफ खास आरोप पत्र लेकर पहुंच रहे अमित शाह

नई दिल्ली/ एजेंसी

आरोप पत्र समिति ने करीब एक महीने पहले अमित शाह को आरोपों का पुलिंदा दे दिया था। इन आरोपों को शाह की निगरानी में एक एजेंसी ने नया रूप दिया है। इसमें क्या-क्या आरोप होंगे? इसके बारे में छत्तीसगढ़ में भी किसी नेता को कोई जानकारी नहीं है। ये आरोप पत्र का प्रिंट भी दिल्ली में गोपनीय तरीके से किया गया है। दो सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम 20 साल बाद आरोप पत्र अमित शाह जारी करेंगे। छत्तीसगढ़ को लेकर भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी है। पार्टी इन चुनावों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती इसलिए केंद्रीय स्तर के दिग्गज नेता लगातार प्रदेश के दौरे कर रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मंडाविया और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष गुरुवार को रायपुर पहुंच रहे हैं। वहीं 1 और 2 सितम्बर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दौरे पर रहेंगे। शाह अपने साथ कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए बनाया गया खास 'आरोप पत्र' साथ लेकर आएंगे। आरोप पत्र समिति ने करीब एक महीने पहले शाह को आरोपों का पुलिंदा दे दिया था। तब से लेकर अब तक इन आरोपों को शाह की निगरानी में एक एजेंसी ने नया रूप दिया है। इसमें क्या-क्या आरोप होंगे, इसके बारे में छत्तीसगढ़ में भी किसी नेता कोई जानकारी नहीं है। ये आरोप पत्र का प्रिंट भी दिल्ली में गोपनीय तरीके से किया गया है। 2 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम 20 साल बाद आरोप पत्र अमित शाह जारी करेंगे।



### सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

लखनऊ। राजधानी के गोसाईगंज थानाक्षेत्र में बाइक पर सवार पिता-पुत्र को पिकअप डाले ने रौंद दिया। मौके पर ही पिता-पुत्र की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर पिता-पुत्र की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। यह हादसा गंगागज बाजार के आशियाना ढावा के सामने हुआ। हादसा होने के बाद चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज दिनेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना क्षेत्र स्थित पांडेय सराय निवासी विकास रावत ।

## कल पदभार संभालेंगी

# जया वर्मा रेलवे बोर्ड की पहली महिला चेयरपर्सन

**नई दिल्ली।** जया वर्मा सिन्हा रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन बनाई गई हैं। ये जिम्मेदारी संभालने वाली वे पहली महिला होंगी। वे अनिल कुमार लाहोटी की जगह लेंगी और 1 सितंबर 2023 को पदभार ग्रहण करेंगी। फिलहाल वे रेलवे बोर्ड में ऑपरेशन और बिजनेस डेवलपमेंट की सदस्य हैं। लाहोटी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसलिए उनकी जगह नया चेयरमैन बनाने के लिए रेलवे ने चार लोगों का एक पैनल बनाया था। इसी पैनल ने जया वर्मा को नया चेयरमैन बनाने पर सहमति दी। जया 31 अगस्त 2024 तक पद पर रहेंगी। ओडिशा के कोरोमंडल एक्सप्रेस हादसे के समय जया ने सरकार को घटना की पूरी जानकारी दी थी। उन्होंने पीएमओ में इस घटना का पावर प्रेजेंटेशन भी दिया था। इस हादसे के दौरान जया वर्मा के काम की बहुत तारीफकी गई थी।




## कृष्ण जन्मभूमि से संघ का 'सुदर्शन चक्र' प्लान

# मथुरा से बीजेपी के लिए 6 राज्यों की 55 सीटों पर जमीन तैयार.....

मथुरा/ एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2024 आम चुनाव से पहले भाजपा के लिए जमीन तैयार करने में जुटा है। इसी कड़ी का हिस्सा संघ का 'सुदर्शन चक्र' प्लान है। इसके केंद्र में कृष्ण जन्मभूमि यानी मथुरा है, लेकिन नजर पूरे वेस्ट यूपी, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश के सीमाई इलाकों पर है। ये वो इलाका है, जो ब्रज क्षेत्र में है या उसके इर्द-गिर्द बसा है। पूरे क्षेत्र का मैप सुदर्शन चक्र की शक्ल में दिखता है। इसीलिए संघ ने इसे 'सुदर्शन चक्र' नाम दिया है। सुदर्शन चक्र के दायरे और प्रभाव में 6 राज्यों की करीब 55 सीटें आती हैं। यहां कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद, नूंह हिंसा, धर्मांतरण, लव जिहाद, मुस्लिमों की बढ़ती आबादी, किसान जैसे उपजाऊ और बड़े मुद्दे भी हैं। मिशन सुदर्शन की कमान खुद सर संघ चालक मोहन भागवत ने संभाली हुई है। वह लगातार ब्रज और पश्चिम क्षेत्र को मथ रहे हैं। यहां के मुद्दे और जमीनी हकीकत को समझ रहे हैं। संघ के कार्यकर्ताओं से सीधे फीडबैक ले रहे हैं। उन्हें जमीन पर एक्टिव होने की रणनीति भी बता रहे हैं। अकेले यूपी में मोहन भागवत इस साल 4 बार ब्रज प्रांत और तीन बार पश्चिम प्रांत का दौरा कर चुके हैं। इन दोनों इलाकों में 29 जिले हैं। ब्रज में 13 और पश्चिम में 14 लोकसभा सीटें हैं। 2019 आम चुनाव में भाजपा को 27 में 19 सीटों पर जीत मिली थी।



### ऑथरज गिल्ड ऑफ इंडिया का वार्षिक अधिवेशन 2 और 3 सितंबर को बनारस में

**नईदिल्ली।** ऑथरज गिल्ड ऑफ इंडिया का वार्षिक अधिवेशन 2 और 3 सितंबर 2023 को बनारस में होगा.देश भर से गणमान्य लेखक और बुद्धिजीवी इसमें भाग लेने के लिये यहाँ एकत्रित होंगे. छत्तीसगढ़ राज्य से वरिष्ठ साहित्यकार डॉ जेके डागर की अध्यक्षता में डॉ सुधीर शर्मा तथा अन्य कुछ लेखक लोगों का शिष्टमंडल सम्मेलन में भाग लेगा.मुख्य सम्मेलन में वर्तमान दौर के लेखकों द्वारा देश की एकता और अखण्डता तथा विकास पर चर्चा के साथ साथ लेखको और प्रकाशन संबंधित अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा.

## पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े जारी

# अप्रैल-जून में 7.8 फीसद की दर से बढ़ी भारतीय अर्थव्यवस्था......

नई दिल्ली/ एजेंसी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने आज वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए जीडीपी के आंकड़े जारी कर दिए है। एनएसओ द्वारा जारी आंकड़ो के मुताबिक चालू वित्त वर्ष (2023-2024) की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की पिछली जनवरी-मार्च तिमाही में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही में 2.4 प्रतिशत थी। हालांकि, विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि घटकर 4.7 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 6.1 प्रतिशत थी। जुलाई में भारत के बुनियादी ढांचे के उत्पादन में साल-दर-साल 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले महीने कोर सेक्टर का आउटपुट प्रिंट जून में दर्ज 8.2 प्रतिशत से कम रहा। अगस्त में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पूरे वित्तीय वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाया था और तिमाही आधार पर पहली तिमाही के लिए 8 प्रतिशत का अनुमान लगाया था। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2023-24 के पहले चार महीने यानी जुलाई तक में ही केंद्र का राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य का 33.9 प्रतिशत तक पहुंच गया है।



## जल्द लोकसभा चुनाव की तैयारी?

# 18 से 22 सितंबर के बीच बुलाया गया संसद का विशेष सत्र

■ पांच बैठकें होंगी शिवसेना बोली- गणेश उत्सव के बीच सेशन बुलाना हिंदू भावनाओं का अपमान

नई दिल्ली/ एजेंसी

केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इसमें कुल 5 बैठकें होंगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार (31 अगस्त) को सोशल मीडिया पर बताया- अमृत काल के बीच संसद में सार्थक चर्चा और बहस का इंतजार कर रहा हूं। इससे पहले संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चला था। मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष के विरोध के बाद कई बार सत्र बिना कामकाज के स्थगित करना पड़ा था। इस सत्र में विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया, जो गिर गया। राज्यसभा सांसद और शिवसेना (उद्धव गुट) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सत्र भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहार गणेश उत्सव के दौरान बुलाया गया। विशेष बैठक का आह्वान हिंदू भावनाओं के खिलाफ है। चीन का नया मैप: इस सेशन में विपक्ष एक बार फिर से चीन के मैप, मणिपुर हिंसा और अडाणी मामले की जेपीसी से जांच कराने जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरेगा। चीन ने हाल ही में एक नया मैप जारी किया है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को उसने अपना हिस्सा बताया है। हालांकि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन हमेशा से ऐसी हरकतें करता रहता है। राहुल गांधी ने हाल ही में लद्दाख दौरे पर कहा था कि चीन ने हमारे इलाके में घुसपैठ की है। पूरा लद्दाख इस बात को जानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर बयान देना चाहिए। मणिपुर हिंसा: मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर 3 मई से हिंसा जारी है। राज्य में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले मानसून सत्र में भी विपक्ष ने सरकार को इसी मुद्दे पर घेरते हुए कामकाज ठप कर दिया था। राज्य सरकार ने 29 अगस्त को एक दिन के लिए विधानसभा का सत्र भी बुलाया था, लेकिन विपक्ष के हंगामे के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था। कांग्रेस ने इसे लेकर काला झंडा भी फहराया था। उसी दिन चुराचांदपुर-विष्णुपुर बॉर्डर पर फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई थी। अडाणी-हिंडनबर्ग: विपक्ष इस सेशन में अडाणी-हिंडनबर्ग मामले की जांच जेपीसी से कराने को लेकर फिर एक बार हंगामा कर सकता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अडाणी समूह से जुड़े पूरे प्रकरण की सच्चाई संयुक्त संसदीय समिति के माध्यम से ही बाहर आ सकती है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर लगातार मुखर है।राहुल गांधी ने अडाणी और प्रधानमंत्री की तस्वीर संसद में भी दिखाई थी। इसके बाद एक मामले में उनकी सांसदी चली गई, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सदस्यता फिर से बहाल कर दी। महंगाई: विपक्ष महंगाई के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेर सकता है।



### तो क्या विपक्ष के जल्दी आम चुनाव के दावे पर लगेगी मुहर

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही विपक्ष की तरफसे ऐसे दावे किए गए हैं कि मोदी सरकार इस बार आम चुनाव समय से पहले करा सकती है। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि केंद्र की मोदी सरकार जनवरी फरवरी में लोकसभा चुनाव करा सकती है। वहीं, अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हालिया बयान से इन चर्चाओं में दम नजर आ रहा है। ममता बनर्जी और नीतीश कुमार ने कहा है कि यह लोग लोकसभा चुनाव समय से पहले भी करवा सकते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां भी जोरों पर हैं। लोकसभा चुनाव चाहें समय पह हों या उससे पहले भगवा पार्टी अभी से एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है।



# अर्जुन कपूर संग डेटिंग की खबरों पर कुशा कपिला ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री अर्जुन कपूर संग अपने रिश्ते को लेकर काफी सुर्खियां बटोरती हैं। बीते दिनों ऐसी खबरें सामने आई थीं कि कपल का ब्रेकअप हो गया है। दोनों के रिश्ते को लेकर उड़ी यह अफवाह सोशल मीडिया पर आग की तरह फैली। माना जा रहा है कि अर्जुन और मलाइका एक-दूसरे से अलग हो गए हैं। दोनों की गिनती बी-टाउन के पॉपुलर कपल में की जाती हैं। वहीं, ब्रेकअप की खबरों पर अभी तक मलाइका और अर्जुन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मलाइका और अर्जुन की ब्रेकअप की खबरे तब शुरू हुई जब अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम हैंडल पर सोलो वेकेशन की तस्वीर शेयर की थी। इस दौरान उन्होंने क्रिप्टिक पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा था, जिंदगी छोटी होती है। अपने वीकेंड्स को लंबे बनाओ। हालांकि, ब्रेकअप की खबरों पर अभी तक अर्जुन और मलाइका ने रिएक्ट नहीं किया है।

### अफेयर की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

इसके अलावा अर्जुन कपूर का नाम सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस कुशा कपिला से भी जोड़ा जा रहा है। वहीं, अब एक्ट्रेस ने इन खबरों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अर्जुन कपूर संग अपनी डेट करने की खबरों पर कमेंट करते हुए कहा, रोज अपने बारे में इतनी बकवास पढ़कर मुझे अपना खुद के एक फॉर्मेट इंट्रोडक्शन करवाना पड़ेगा। हर समय मैं बकवास बातें खुद के बारे में देखती हूं। बस दुआ करती हूं कि मेरी मम्मी न ये सब पढ़ लें। उनकी सोशल लाइफ को झटका लगेगा।

### करण जौहर की पार्टी में आए नजर

बता दें, बीते दिनों अर्जुन कपूर और कुशा कपिला डायरेक्टर करण जौहर के घर उनकी पार्टी में एक साथ नजर आए थे, जहां मलाइका अरोड़ा उनके साथ नहीं दिखीं। पार्टी का एक फोटो वायरल हुआ था, जिसमें सभी लोग कैमरे की तरफ पोज देते नजर आ रहे थे। इसके बाद ही दोनों के अफेयर की खबरें सामने आने लगीं।





# ऋतिक रोशन के साथ रिश्ते पर खुलकर बोलीं सबा आजाद

ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी फिल्मों के साथ ही लव लाइफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। ऋतिक रोशन का नाम एक्ट्रेस सबा आजाद के साथ जुड़ रहा है। दोनों को सबसे पहले डिनर डेट पर एक साथ स्पॉट किया गया था। इस दिन के बाद से ही दावा किया जा रहा है कि ऋतिक और सबा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इतना ही नहीं, सबा आजाद अक्सर अपने बॉयफ्रेंड ऋतिक रोशन के साथ बॉलीवुड इवेंट्स और पार्टीज में भी स्पॉट होती रहती हैं। मीडिया दोनों को लगातार फॉलो करती है, ऐसे में अब हाल ही में सबा ने ऋतिक संग अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की।

### सबा ने ऋतिक संग रिश्ते पर खुलकर की बात

बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल्स में से एक ऋतिक रोशन और सबा आजाद को हाल ही में अर्जेंटीना में एक साथ छुट्टियां बिताते हुए देखा गया था। दोनों अपने इस वैकेशन से पिछले दिनों ही लौटे हैं, जिसकी तस्वीरें खूब वायरल हुई थी। अपनी निजी जिंदगी में होती तांक-झांक पर सबा आजाद ने खुलकर बात की और बोला, क्या यह किसी को नहीं मिलेगा? यह हर किसी को मिलता है। लेकिन मुझे लगता है कि यह कोर्स का एक हिस्सा है। लोग दूसरे लोगों के जीवन में बेहद रुचि रखते हैं, हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? आप बस अपना सिर नीचे रखें और काम करते रहें।

### काम को पब्लिक करना है पसंद

सबा आजाद आगे बोलीं, आप बस इसे अपने ऊपर हावी न होने दें, आप मुस्कुराएं और आगे बढ़ें। यह काम का हिस्सा है। मेरे जीवन का एकमात्र हिस्सा जिसके बारे में सार्वजनिक होने में मुझे खुशी है, वह मेरा काम है। इसके अलावा मेरी जिंदगी की किसी भी चीज से किसी का भी कोई मतलब नहीं है। सबा आजाद ने इस बातचीत में साफ और सीधे शब्दों में अपना दृष्टिकोण समझा दिया है कि लोगों को उनके काम पर ध्यान देना चाहिए न कि उनकी निजी जिंदगी पर।

### काम में भी व्यस्त हैं सबा और ऋतिक

ऋतिक रोशन और सबा आजाद के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता अगली बार अनिल कपूर और दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म फाइटर में दिखाई देंगे। वहीं, सबा आजाद को आखिरी बार रॉकेट बॉयज 2 में देखा गया था। वह जल्द ही नसीरुद्दीन शाह की शॉर्ट फिल्म मैन वुमन मैन वुमन में काम करती नजर आएंगी।

# इब्राहिम अली खान की डेब्यू फिल्म सरजमीन में नजर आएंगी काजोल?

सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। बड़े पर्दे पर उन्हें लॉन्च करने का जिम्मा करण जौहर ने उठा रखा है। हालांकि, इब्राहिम की पहली फिल्म को लेकर कोई बहुत ज्यादा जानकारी तो सामने नहीं आई है, लेकिन इस फिल्म का नाम सरजमीन रखा गया है। इस फिल्म से बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी भी बतौर डायरेक्टर अपनी शुरुआत कर रहे हैं। अब ताजा जानकारी ये है कि करण जौहर ने इस फिल्म के लिए अपनी फेवरेट और हर-दिल-अजीज काजोल को अप्रोच किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, करण जौहर की दफ्तर से काजोल को अप्रोच किए जाने की खबर है। हालांकि, इस फिल्म में इब्राहिम के अपोजिट कोई हीरोइन नहीं होगी। लेकिन समझा जा रहा है कि काजोल का किरदार बहुत ही दमदार होगा।

### फिल्म के सेट पर कैसे हैं इब्राहिम

रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े सूत्र ने फिल्म के बारे में भी बात की है। इसमें कहा गया है, इब्राहिम बड़ा ही अच्छा लड़का है। वह अभी फिल्म बिजनस में नया है, इसलिए उसे बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। अच्छी बात यह है कि उसमें बिल्कुल भी एटिट्यूड नहीं है। दूसरे न्यूकमर्स की तरह उसने कभी ओवर स्मार्टनेस नहीं दिखलाई है। वह मेहनती है और समझदारी से काम लेता है।

### इब्राहिम को देखकर आती है यंग सैफ अली खान याद

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फिल्म के सेट पर इब्राहिम को देखकर ऐसा लगता है जैसे वो 20 साल पहले के सैफ अली खान हैं। उनका अंदाज अपने पिता से बहुत मेल खाता है। इससे पहले इब्राहिम की बहन और एक्ट्रेस सारा अली खान ने ही यह कंफर्म किया था कि उनका भाई फिल्मों में डेब्यू करने वाला है। सारा ने यह भी बताया था कि इब्राहिम ने हाल ही अपनी पहली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। समझा जा रहा है कि सरजमीन अगले साल तक पूरी हो जाएगी।



# विजय ने साझा किया सामंथा के साथ काम करने का अनुभव

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों अपने नई तेलुगु फिल्म खुशी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। शिव निर्वाण के जरिए लिखित और निर्देशित फिल्म में विजय साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आएंगे। अब अभिनेता ने अपनी फिल्म के साथ अपनी सह-कलाकार सामंथा और निर्देशक शिव के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया। विजय ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में बताया कि इसकी शूटिंग की पूरी प्रक्रिया हमेशा के लिए मेरी पसंदीदा यादों में से एक रहेगी। जिन दो व्यक्तियों के साथ मैंने सबसे अधिक समय बिताया, जिनके साथ मैंने सबसे अधिक यादें और उतार-चढ़ाव साझा किए और जिनके साथ मैंने सबसे करीबी संबंध विकसित किए, वे शिव और सामंथा थे। यह फिल्म कैसे बनी, इस पर विचार करना मुझे हमेशा मजेदार लगेगा। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया। ट्रेलर में दिखाया गया था कि कैसे विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु कश्मीर में मिलते हैं और एक-दूसरे से प्यार करने लगते हैं।



# बिगिन अगेन की रीमेक में अभिनय करेंगे फरहान अख्तर

लंबे इंतजार के बाद फरहान अख्तर ने अपनी मोस्ट अवेटेड सीरीज डॉन के तीसरे पार्ट का एलान किया था। पिछले काफी समय से चर्चाओं में बने रहने के बाद आखिरकार एलान के साथ साफ हो गया है कि फिल्म में इस बार शाहरुख खान को नहीं बल्कि रणवीर सिंह को 12 मुल्कों की पुलिस ढूंढने वाली है। अब इस फिल्म घोषणा के बाद खबर आ रही है कि अभिनेता हॉलीवुड फिल्म 'बिगिन अगेन' की रीमेक में अभिनय भी करेंगे। फरहान अख्तर इस समय अपनी महान कृति डॉन 3 को लेकर चर्चा में हैं, जो 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच, रिपोर्टों के अनुसार, वह हॉलीवुड फिल्म बिगिन अगेन के रीमेक में अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म का निर्देशन नित्या मेहरा द्वारा किया जाएगा और यह म्यूजिक इंडस्ट्री के इर्द-गिर्द घूमेगी। तो चलिए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है।

### नित्या मेहरा करेंगी फिल्म का निर्देशन

केइरा नाइटली, मार्क रफालो और एडम लेविन की हॉलीवुड फिल्म 'बिगिन अगेन' एक क्लासिक फिल्म है। फिल्म एक उभरते गीतकार के बारे में है, जिसके जीवन को तब उद्देश्य मिलता है जब एक रिकॉर्ड लेबल कार्यकारी डैन उसकी प्रतिभा को नोटिस करता है और दोनों मिलकर संगीत बनाते हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म का हिंदी रीमेक बनेगा, जिसमें फरहान अख्तर मुख्य भूमिका में होंगे और इसका निर्देशन नित्या मेहरा करेंगी। डॉन 3 को लेकर चर्चा में चल रहे हैं अभिनेता रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान और नित्या पिछले कुछ समय से एक म्यूजिकल कॉमेडी के लिए बातचीत कर रहे थे और फिलहाल चीजें धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। कहा जा रहा है कि यह फिल्म बिगिन अगेन का रीमेक है और इसकी शूटिंग स्टार्ट-टू-फिनिश शेड्यूल के साथ इस साल के अंत तक शुरू होगी। वहीं, फरहान की बात करें तो जब से रणवीर सिंह के नए डॉन बनने की घोषणा हुई है, तब से इस पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।



# फिल्म लॉस्ट एंड फाउंड इन सिंगापुर में किरदार के लुक की वजह से परेशान थे ऋत्विक धनजानी

**पॉपुलर टीवी एक्टर ऋत्विक धनजानी की फिल्म लॉस्ट एंड फाउंड इन सिंगापुर हाल ही में डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज हुई। इस फिल्म में ऋत्विक के अपोजिट अपूर्वा अरोड़ा नजर आ रही हैं। हाल ही में खास बातचीत के दौरान ऋत्विक ने बताया कि इस फिल्म में उन्हें चंपू जैसा लुक दिया गया था। इस वजह से वो शुरूआत में खुश नहीं थे। इतना ही नहीं उनके दोस्त भी उनके लुक का काफी मजाक उड़ाया करते थे।**

### पवित्र रिश्ता ने दिलाई पहचान

ऋत्विक धनजानी ने अपनी पसंदीदा फिल्मों पर बात करते हुए कहा- मुझे रॉम-कॉम देखना बहुत पसंद है। मेरा फेवरेट जॉनर रोमांस है। मैं आज जिस भी मुकाम तक पहुंचा हूं वो कहीं न कहीं पवित्र रिश्ता में अपने रोमांटिक किरदार की वजह से ही कर पाया हूं। काफी लंबे समय बाद मुझे ऐसा कोई प्रोजेक्ट ऑफर हुआ जिसमें ट्रेवलिंग का कॉन्सेप्ट भी था और रोमांस भी। सच कहूं तो, इसे हामी भरने के अलावा मेरे पास कोई विकल्प ही नहीं था।

### फिल्म की शूटिंग के दौरान एडवेंचर एक्टिविटी न कर पाने की वजह से गुस्से में था

सिंगापुर में शूटिंग का अनुभव अच्छा तो था ही लेकिन सच कहूं तो कई बार गुस्सा भी खूब आता था। जितने भी एडवेंचर भरे स्पोर्ट्स थे, जितने भी मस्ती वाले चीजें थी वो मेरा किरदार कर ही नहीं रहा था। शूटिंग के दौरान मैं देखता था की दूसरे किरदार भरपूर मस्ती कर रहे हैं। अपूर्वा अरोड़ा जो सितारा का किरदार निभा रही हैं, वह स्काई डाइविंग कर रही हैं, एडवेंचर से भरे स्पोर्ट्स कर रही हैं और मैं सिर्फ बैठे-बैठे देख रहा था। आधे से ज्यादा समय तो मैंने गुस्से में निकाल दिया क्योंकि मुझे वह सब चीजें करनी थी। वैसे उसके अलावा प्रोडक्शन टीम बहुत अच्छी थी। ज्यादातर टीम मेंबर्स मेरे पुराने दोस्त हैं, उनके साथ बहुत मजा किया।

### दोस्तों ने भी मेरे लुक का बहुत मजाक बनाया

तकरीबन 8 महीने से हम इस फिल्म की तैयारी कर रहे थे। जब पहली बार मैंने अपने लुक के लिए बाल कटवाए तो खुद पर ही बहुत शर्म आने लगी। सोशल मीडिया पर भी फोटो नहीं लगाता था ये सोचकर की लोग क्या सोचेंगे। मैंने अपने कुछ खास दोस्तों को अपनी फोटो भेजी तो वे खूब हंसने लगे। सभी ने मेरा बहुत मजाक उड़ाया था। हां, लेकिन इसी बीच मेरे फैन क्लब के मेंबर्स खुश थे क्योंकि उन्हें ऋत्विक की पुरानी झलक देखने को मिली। इससे मुझे भी थोड़ी बहुत खुशी मिली। सच कहूं तो फिल्म में मुझे मेरा लुक बिलकुल पसंद नहीं आया। मुझे पूरा चंपू लुक दिया गया था। मेरा लुक, मेरे कपड़े, मेरे बाल, मुझे कुछ नहीं अच्छे लगे। शुरू में मुझे बिलकुल अच्छा नहीं लगता था, लेकिन जब मैं अपने डायरेक्टर के साथ सिटिंग्स करने लगा तब मुझे एहसास हुआ की वे अपने किरदार को लेकर पूरी तरह से क्लियर हैं। मैं डायरेक्टर का एक्टर हूं, मैं उन पर पूरा यकीन करता हूं। वक्त के साथ-साथ मैंने भी इस किरदार को एक्सेप्ट किया।

### मैंने कभी कोई प्रोजेक्ट सिर्फ पैसों के लिए नहीं किया

मैं काम को लेकर बहुत चूजी हो गया हूं। थैंकफुली, करियर में मैं अब उस मुकाम पर हूं जहां काम को चुन सकता हूं। अब मैं उसी स्क्रिप्ट के साथ जुड़ना चाहता हूं जो मेरे दिल को छू पाए। मुझे ईमानदार लोगों के साथ काम करना है और आगे वही करूंगा भी। मेरा अनुभव यही कहता है की यदि आप सही और ईमानदार लोगों के साथ जुड़ते हो, तो वह काम में भी नजर आता है। आगे भी इस रास्ते पर चलता रहूंगा। यकीन मानिए मैंने कभी कोई प्रोजेक्ट सिर्फ पैसों के लिए नहीं किया।



## सार-समाचार

# कलेक्टर ने गुलाब चन्द्र को प्रदान किया मोटराइज्ड ट्रायसायकल

नन्दू यादव



**सूरजपुर भारत भास्कर** कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनांतर्गत श्री गुलाब चन्द राजवाड़े आत्मज श्री टेकराम राजवाडे, ग्राम पंचायत बद्रिकाआश्रम, जनपद पंचायत रामानुजनगर के द्वारा मोटराईज्ड ट्रायसायकल हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके तहत कलेक्टर द्वारा आज श्री गुलाब चन्द राजवाड़े को मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदाय किया गया है। श्री गुलाब चन्द राजवाड़े को मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने से उसके जीवन में गतिशीलता तथा आने जाने में सुविधा होगी।

# कौशल प्रशिक्षण से बेरोजगारों को मिल रहा रोजगार

**नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर** माननीय मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार विभाग के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ता योजना 01 अप्रैल 2023 से प्रारंभ किया गया है। योजनांतर्गत 30 अप्रैल 2023 की स्थिति तक कुल 1395 पात्र हितग्राही थे। जिनको कुल 34 लाख 87 हजार 500 रुपये का भुगतान किया गया। इसी प्रकार 31 मई 2023 की स्थिति तक कुल 2298 पात्र हितग्राही थे। जिनको कुल 57 लाख 45 हजार 000 रुपये का भुगतान किया गया। इसी प्रकार 30 जून 2023 की स्थिति तक कुल 2475 पात्र हितग्राही थे। जिनको कुल 61 लाख 87 हजार 500 रुपये का भुगतान किया गया। इसी प्रकार 31 जुलाई 2023 की स्थिति तक कुल 2636 पात्र हितग्राही थे। जिनको कुल 65 लाख 90 हजार का भुगतान किया गया। इसी प्रकार माह 31 अगस्त 2023 की स्थिति तक कुल 2778 हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता योजनांतर्गत पंचम किश्त की राशि 69 लाख 45 रूपये का भुगतान किया जाना है। इस प्रकार योजनांतर्गत कुल पाँचों किश्त की कुल राशि 2 करोड़ 89 लाख 55 हजार रूपये का भुगतान किया जा चुका है। जिसमें लगभग 60 प्रतिशत 1666 हितग्राही महिला तथा शेष 40 प्रतिशत 1112 हितग्राही पुरुष वर्ग से है। बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राहियों में से कुल 460 हितग्राहियों का कौशल विकास योजनांतर्गत अलग-अलग कौशलों में प्रशिक्षण हेतु चयन कर प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण लाईवलीहुड कॉलेज के माध्यम से कोर्स असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, सिविंग मशीन ऑपरेटर, डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर फ्रंट लाइन हेल्थ वर्कर, ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन लेवल 3, फायर फाईटर, ऑफिस असिस्टेंट एवं ब्यूटी थेरेपिस्ट में कुल 370 हितग्राहियों का प्रशिक्षण संचालित है। इसी प्रकार पॉलिटेक्निक कॉलेज सूरजपुर में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन में 30 हितग्राही, ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन लेवल 3 में 30 हितग्राही कुल 60 हितग्राही एवं आई.टी.आई. सूरजपुर में ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन लेवल कोर्स में 30 हितग्राहियों का प्रशिक्षण कार्य प्रगति पर है। पात्र हितग्राहियों को रोजगार मेला के माध्यम से विभिन्न फर्म एवं उद्योगों में कुल 75 रिक्त पदों के विरुद्ध उनके रुचि अनुसार रोजगार प्रदाय किया जा चुका है। कौशल विकास योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने बाबत जिले में स्थापित विभिन्न आई.टी.आई प्रशिक्षण संस्थानों का चयन कर टीपीआई के रूप में पंजीयन कर कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इन संस्थानों में पलम्बर, डिजल मैकेनिक, वेल्डर इत्यादि कोर्स में प्रशिक्षण हेतु हितग्राहियों के चयन की कार्यवाही प्रगतिरत है।

# अमेज़न ने भारत में अपनी प्रतिबद्धता मजबूत की; भारत की डिजिटल इकॉनमी और एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए नई पहल की घोषणा की

**नई दिल्ली:** आज नई दिल्ली में आयोजित अमेज़ॅन सम्भव सम्मिट के चौथे संस्करण में भारत के प्रति अमेज़ॅन के भावी दृष्टिकोण को साझा करते हुए, अमेज़ॅन के एसवीपी इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स, अमित अग्रवाल ने कहा, हम भारतीय बाजार में विकास और दीर्घकालिक संभावनाओं और भारत में लाखों उपभोक्ताओं और विक्रेताओं को सेवा देने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। हमने हाल ही में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में भारत में 15 बिलियन डॉलर के वृद्धिशील निवेश की घोषणा की थी और हम 21वीं सदी में भारत की प्रगति में भागीदार बने रहेंगे।

### बेटी के जन्मोत्सव पर पेड़ लगाएं : बेटी बढ़ाओं बेटी बचाओं अभियान

# आइए कन्या के जन्म पर उत्सव मनाएं

नन्दू यादव





**सूरजपुर भारत भास्कर** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिसका मुख्य उद्देश बालिकाओ के गिरते लिंगानुपात को बढ़ावा देना है। राष्ट्रव्यापी जागरूकता और प्रचार अभियान चलाना, जहां शिशु लिंग अनुपात कम है, उन क्षेत्रों से संबंधित कार्य करना, बुनियादी स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देकर संवेदनशील और जागरूक बनाकर तथा सामुदायिक एकजुटता के माध्यम से उनकी सोच को बदलने पर जोर दिया जाना है। योजनान्तर्गत आइए कन्या के जन्म पर उत्सव मनाएं थीम पर आयोजन किया गया। हमें अपनी बेटियों पर बेटों की तरह ही गर्व होना चाहिए। हम अपनी बेटी के जन्मोत्सव पर पेड़ लगाएं। वर्तमान में जिले का लिंगानुपात 1000 पुरुषों की तुलना में 916 है जो की राष्ट्रीय औसत से कम है । इस योजना के तहत बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अन्य विभागों से समन्वय कर प्रस्ताव प्राप्त किया जा रहा है। इसके पश्चात जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसी निर्देश के तहत जिले में 23 अगस्त से 4 अक्टुबर तक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्ययोजना अनुसार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जिसके तहत आज को जिले के 13 शालाओं क्रमश: शा.उ.मा.वि. भुवनेश्वरपुर, रामानुजनगर, तिवरागुड़ी, कोटेया, सलका, नवापाराकला, महेशपुर, भटगांव, चन्द्रमेढ़ा, सलका, प्रतापपुर, जरही, स्वामी आत्मानंद विदयालय प्रतापपुर में बालिकाओं, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित कानूनों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई इसके साथ ही रैली का आयोजन भी किया गया। बच्चों को शासन की योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से बताया जा रहा है जिससे बालिकाओं के प्रति सामाज में जागरूकता बढ़ाई जा सके। बच्चियों के मध्य जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला के अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में बच्चे शामिल रहे।

# स्वीप कार्यक्रमों में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान

### मसाल रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक

### विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को बताया मतदान का महत्व




**बिलासपुर:**- 31 अगस्त 2023 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' के तहत कोटा ब्लॉक के सीएसआर महाविद्यालय पीपरतराई के विद्यार्थियों द्वारा मसाल रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के नवप्रवेशित एवं सीनियर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ओजस्वी नारों के माध्यम से पूरे ग्रामवासियों के घर-घर जाकर मतदान के महत्व को बताया तथा सभी को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डी.एन. शर्मा द्वारा मसाल जलाकर किया गया। रैली में महाविद्यालय के स्टाफसूरज सोनकर, आकाश गुप्ता, नरेन्द्र टोडर,राकेश डोरे, रंजीत गिलहरे, श्रीमती जूही चौहान व श्रीमती कविता पाटकर तथा सुश्री दामिनी मिरी व एनएसएस दल प्रमुख आशीष कुमार व अन्य कार्यकर्ता तथा समस्त विद्यार्थियों व पीपरतराई के युवाओं व ग्रामवासियों ने मिलकर रैली को सफल किया। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन सहित स्टिकर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# रक्षाबंधन पावन पर्व पर बहनों को निशुल्क वाहन उपलब्ध




### छ.ग.श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ एमसीबी द्वारा निरंतर बहनों को निःशुल्क वाहन एवं मिठाई डिब्बा का वितरण किया गया

**भारत भास्कर से राधेश्याम कोरी की खास रिपोर्ट/ बिलासपुर:**- प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर बहनों के लिए निशुल्क वाहन की व्यवस्था संगठन के द्वारा की गई।

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ द्वारा पत्रकार साथियों के साथ बहनों को नि:शुल्क वाहन एवं भगत सिंह तिराहे पर मिठाई डिब्बा का वितरण किया गया । इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश मिनोचा ने सभी बहनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निशुल्क वाहन को प्रयोग में लाकर अपने भाइयों के हाथों पर रक्षाबंधन बांधकर अपने घरों में सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था हमारे संगठन के द्वारा की गई है एवं इन्हें अपने भाइयों को मिठाई खिलाने के लिए मीठा का डब्बा दिया गया है । संगठन के प्रदेश सदस्य खगेन्द्र यादव,मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मनीराम सोनी,ब्लॉक उपाध्यक्ष तौसिफ रजा सहित संगठन के साथी उपस्थित थे7

वही जनकपुर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश मिश्रा के द्वारा अपने संगठन के साथियों के साथ वाहन की व्यवस्था कर बहनो को उनके गंतव्य स्थान तक पहुँचया,संगठन के साथी विनोद मौय ? द्वारा भी नि:शुल्क वाहन की व्यवस्था की7

रक्षाबंधन पावन पर्व पर छ.ग.श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ द्वारा बहनों को नि:शुल्क वाहन, मिठाई डिब्बा का वितरण किया गया

ग्राम पिपरिया की बहन रामकली ने इस कार्य हेतु धन्यवाद देते हुए, सभी भाइयों की उज्जवल भविष्य की कामना की है, वही बिहारपुर की बहन विमला सिंह ने इस प्रकार से ऑटो में आज फ्री सेवा जो श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के द्वारा दिया गया है, वह काफी सराहनीय है7

हमारे पत्रकार बंधु इस प्रकार के कार्य कर रहे हैं, जो की प्रशंसा की बात है इसके साथ ही भाइयों को मुंह मीठा करने हेतु मिठाई का डिब्बा भी दिया है, इस प्रकार हम बहनों का आज आपके संगठन के द्वारा जो सम्मान दिया गया इसके लिए मैं इन्हें धन्यवाद देती हूं।

# म.बा.वि. विभाग द्वारा लिंगानुपात बढ़ाने लगातार दी जा रही विद्यायलयों में जानकारी

नन्दू यादव




**सूरजपुर भारत भास्कर** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में भारत शासन की विशिष्ट योजनाओं में एक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिसका मुख्य उद्देश बालिकाओ के गिरते लिंगानुपात को बढ़ावा देना है। इस योजना के मुख्य घटकों में शामिल हैं, राष्ट्रव्यापी जागरूकता और प्रचार अभियान चलाना, जहां शिशु लिंग अनुपात कम है, उन क्षेत्रों से संबंधित कार्य करना, बुनियादी स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देकर संवेदनशील और जागरूक बनाकर तथा सामुदायिक एकजुटता के माध्यम से उनकी सोच को बदलने पर जोर दिया जाना है। वर्तमान में जिले का लिंगानुपात 1000 पुरुषो की तुलना में 916 है, जो की राष्ट्रीय औसत से कम है। इस योजना के तहत बालिकाओ को आत्म निर्भर बनाने हेतु अन्य विभागों से समन्वय कर प्रस्ताव प्राप्त किया जा रहा है। इसके पश्चात जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसी निर्देश के तहत जिले में 23 अगस्त से 4 अक्टुबर तक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्ययोजना अनुसार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसके तहत 28 अगस्त 2023 को जिले के 10 शालाओं क्रमश: शा.उ.मा.वि. केतका, डेडरी, दवना, चेन्द्रा, सिरसी, महंगई, बकालो, उमेश्वरपुर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल भैयाथान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बालिकाओं, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित कानूनों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई, साथ ही रैली का आयोजन भी किया गया। बच्चों को शासन की योजनाओं के विषय में विस्तृत रूप से बताया जा रहा है। जिससे बालिकाओं के प्रति सामाज में जागरूकता बढ़ाई जा सके। बच्चियों के मध्य जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला के अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन किए जाने में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, संरक्षण अधिकारी संस्थागत देख रेख, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देख रेख, संरक्षण अधिकारी विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, सहायक खांख्यिकी अधिकारी, सखी वन स्टॉप सेंटर से सेवा प्रदाता, चाइल्ड लाइन की टीम, बाल संरक्षण की टीम एवं अन्य विभागीय कर्मचारियों की भागीदारी रही।

### सिम्स में पर्याप्त व्हील चेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध, डीन डॉ. सहारे ने पीक आवर्स में व्हील चेयर और स्ट्रेचर बढ़ाने के दिए निर्देश

**बिलासपुर:**- 29 अगस्त 2023 को छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स के डीन डॉ. कमल किशोर सहारे से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिम्स अस्पताल में पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि सिम्स मे मरीजों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाता है। मरीजों की स्थिति के अनुसार उन्हें यह सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। सुबह ओपीडी के समय बहुत सारे मरीज़ एक साथ आ जाते हैं जिन्हें व्हील चेयर और स्ट्रेचर की आवश्यकता होती है। तत्काल वापस व्हील चेयर नहीं आने के कारण कई बार समस्या हो जाती है। डॉ. सहारे ने बताया कि पीक आवर्स में व्हील चेयर और स्ट्रेचर की संख्या और बढ़ायी जाएगी।


### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र 2023-24 हेतु प्रशिक्षकों से आवेदन पत्र आमंत्रित

**नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर** राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के आदेशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक श्री संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक समग्र शिक्षा सुश्री लीना कोसम के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समन्वयक के मार्गदर्शन में जिले के स्वीकृत मा.शा., हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं में कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाना है। जिस हेतु निम्नानुसार निर्देशों का पालन किया जाना है। प्रशिक्षण जुडो, कराटे, ताईक्वांडो, किंक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण संपादित किया जाना है। प्रशिक्षण केन्द्र के लिए उचित व्यवस्था एवं प्रबंधन हेतु प्राचार्य, प्रधानपाठक की जिम्मेदारी रहेगी। प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु रजिस्टर संधारित करेंगे, तथा प्रतिदिन बालिकाओं उपस्थिति अंकित किया जाना है। प्रति दिन प्रशिक्षण की अवधि कम से कम 30 मिनट की होगी। प्रशिक्षण का समय संबंधित शाला के प्राचार्य व प्रधान पाठक तय करेंगे। प्रशिक्षकों का मानदेय क्क्नरूस् के माध्यम से भुगतान किया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं से किसी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी प्रशिक्षक द्वारा नहीं ली जा सकती। महिला प्रशिक्षक अनिवार्य है। यदि किसी कारणवश महिला प्रशिक्षक न हो तो संबंधित शाला के महिला शिक्षक की उपस्थिति में प्रशिक्षण शाला परिसर में ही कराया जाए। जिसके तहत महिला प्रशिक्षकों को प्राथमिकता दिया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन बालिकाओं की सुरक्षा हेतु प्रभारी शिक्षिका प्रशिक्षण प्रारंभ समय से समाप्ति तक रुकेंगे एवं सभी बालिकाओं के जाने के बाद ही प्रस्थान करेंगे। समग्र शिक्षा के ऑनलाईन पोर्टल में प्रतिदिन प्रशिक्षण कार्य जैसे - बच्चों की उपस्थिति, प्रशिक्षक की उपस्थिति आदि की जानकारी प्रविष्ट किया जाना है।

### विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

# रेवती रमण मिश्र कॉलेज में मनाया गया मेजर ध्यानचंद जयंती

नन्दू यादव





**सूरजपुर भारत भास्कर** शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर में मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुश्री प्रतिभा कश्यप सहा. प्रा. श्री तुलसी राम राहगंडाले, श्री आनंद कुमार पैकरा, श्री सलीम किस्पोट्टा, श्रीमती सय्यदा जेबा बख्तियार, श्रीमती सुप्रिया तिवारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन क्रीडाधिकारी, श्री राहुल नीरज द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापकों द्वारा मेजर ध्यानचंद के जीवन में उनके संघर्षों एवं उपलब्धियों को बताते हुए छात्र - छात्राओं को न केवल पढ़ाई अपितु खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2022-23 के विभिन्न खेलों में विश्वविद्यालय स्तर पर सहभागी हुए महाविद्यालय के कुल 13 खिलाडियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है, मनीष राजवाडे (कबड्डी पुरुष वर्ग), नीतू सिंह (कबड्डी महिला वर्ग), जितेन्द्र सोनवानी (वॉलीबॉल पुरुष वर्ग), अजय कुमार, जितेन्द्र कुमार सिंह, अनिल कुमार (खो-खो पुरुष वर्ग), बबीता, रूपा, रबिता (खो-खो महिला वर्ग) प्रेमसाय राजवाडे (शतरंज पुरुष वर्ग), अंजू (शतरंज महिला वर्ग), शनि कुमार रवि (ताईक्काण्डो पुरूष वर्ग), दया (ताईक्काण्डो महिला वर्ग)। अंत में सहा. प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता में भाग लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे, सहा. प्राध्यापक सुश्री प्रतिभा कश्यप, श्री सी. बी. मिश्र, श्री टी. आर. राहंगडाले, डॉ. रश्मि पाण्डेय, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. वी. के. झा, श्री आनंद कु. पैकरा, डॉ. सलीम किस्पोट्टा, श्री दीपचंद एक्का, श्रीमती नीरजा भगत के साथ-साथ प्रबंधन के कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा।

# खेलों के महानायक बन नीरज ने लिखा स्वर्णिम इतिहास

**स्वदेश तिवारी, स्थानीय संपादक**



देश को लगातार मिल रही खुशीभरी खबरों एवं कीर्तिमानों के बीच एक और कीर्तिमान नीरज चोपड़ा ने जड़ दिया। चार दशक में पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किसी भारतीय का देश की झोली में एक दुर्लभ स्वर्ण पदक डालना वाकई नया इतिहास रचने से कम नहीं है। नीरज चोपड़ा का जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना सूखे में बरसात की बूंदों के समान ही माना जाएगा। इस रोशनी के एक टुकड़े ने देशवासियों को प्रसन्नता का प्रकाश दे दिया है, संदेश दिया है कि देश का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है। इस ऐतिहासिक एवं यादगार उपलब्धि की खबर जब अखबारों में छपी तो सबको लगा कि शब्द उन पृष्ठों से बाहर निकलकर नाच रहे हैं।

नीरज की एक खिलाड़ी होने की यात्रा अनेक संघर्षों, झंझावातों एवं चुनौतियों से होकर गुजरी है। चंद बरस पहले वह बढ़ते वजन से परेशान एक युवा थे। 13 साल की उमर में उनका वजन 80 किलोग्राम हो गया था जिसकी वजह से उनकी उम्र के दूसरे बच्चे उन्हें चिढ़ाते थे। वहां से शुरू करके नीरज ने न सिर्फ अपने शरीर को साधा बल्कि अपने मन को अनुशासित कर इस तरह से केंद्रित किया कि लगातार आगे बढ़ते रहे, कीर्तिमान गढ़ते रहे। लेकिन उनके पांव जमीन पर हैं और तभी वह भाला फेंकते हैं तो दूर तक जाता है और एक स्वर्णित इतिहास रचता है। तभी अब तक कोई भी ऐथलीट देश को जो गौरव नहीं दिला पाया था, वह नीरज ने दिलाया है। लेकिन बात सिर्फ इस एक गोल्ड की नहीं है। उनकी इस उपलब्धि के साथ ऐसी कई बातें जुड़ी हैं जो उन्हें खास बनाती हैं। उनको खास बनाने में जहां उनकी लगन, परिश्रम, निष्ठा एवं खेलभावना रही, वही साल 2018 में एशियाई खेल और फिर कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड, 2020 में तोक्यो ओलिंपिक्स में गोल्ड, 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर, 2022 में ही डायमंड लीग में गोल्ड और 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड लाने का उनका करिश्मा तो बहुत कुछ कहता ही है, सबसे बड़ी बात यह है कि इस दौरान वह अपने



प्रदर्शन में लगातार निखार लाते रहे। उन्होंने भारतीय खेलों को भी दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाया है। इस उपलब्धिभरी सुहानी फिज़ां में सबसे अहम सवाल यह है कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश खेलों में वह मुकाम हासिल क्यों नहीं कर पाया जिसका वह हकदार है? क्या हमारे यहां खेल का माहौल नहीं है या फिर सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पाते। या खेल भी राजनीति के शिकार है? ये सवाल इसलिए उठते हैं क्योंकि विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक पदक पाने वाले देशों की सूची में भारत बहुत पीछे है। महज पांच करोड़ की आबादी वाला देश केन्या 65 स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं एक करोड़ की आबादी वाला देश क्यूबा विश्व चैंपियनशिप में 22 स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल चुका है। ओलम्पिक खेलों की बात की जाए तो वहां भी भारत का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है।

ओलम्पिक खेलों के 127 साल के इतिहास में हॉकी के अलावा हमें अब तक दो स्वर्ण पदक ही मिले हैं। इनमें एक नीरज चोपड़ा व दूसरा अभिनव बिन्द्रा के नाम ही है। ऐसा नहीं है कि आजादी के बाद देश ने विकास की रफ्तार नहीं पकड़ी हो। हर क्षेत्र में भारत ने प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुआ है। विज्ञान हो या अंतरिक्ष, देश ने दुनिया में अलग पहचान बनाई है। इस समय हम दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गए हैं। छह दिन पहले ही चांद पर तिरंगा लहराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण विश्व में भारत की बात को महत्त्व दिया जाता है। इन तमाम उपलब्धियों के बीच सवाल यही उठता है कि हम खेलों में पीछे क्यों हैं? क्या इसके लिए खेल संघ जिम्मेदार हैं? खेल संघों पर वर्षों से कब्जा जमाए बैठे राजनेता और नौकरशाह खेल की विकास यात्रा में बाधक तो नहीं बन रहे?

ऐसे समय जब चांद के दक्षिण ध्रूव के पास चंद्रयान उतार कर भारतीय वैज्ञानिक स्पेस एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में अपना झंडा बुलंद कर चुके हैं और शतरंज में प्रग्नानंदा जैसे यंग टैलंट नई उम्मीदें दिखा रहे हैं, नीरज चोपड़ा की यह उपलब्धि न केवल देशवासियों के मनोबल को और ऊंचा करती है बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी निरंतर बेहतर करने का विश्वास और प्रेरणा देती है और आजादी के अमृतकाल को अमृतमय करने का हौंसला देती है। नीरज ने 88.17 मीटर की दूरी पर भाला फेंक कर कीर्तिमान स्थापित किया और साबित कर दिया कि भारत की मिट्टी में जन्मे खेलों को यदि खुद भारतवासी ही इज्जत की नजर से देखें तो यह देश कमाल कर सकता है। यदि सच पूछा जाये तो नीरज चोपड़ा भारतीय मूल के खेलों के 'महानायक' बन चुके हैं। उनसे पहले यह रूतबा कुश्ती के पहलवान गुलाम मुहम्मद बख्श उर्फ 'गामा' को ही प्राप्त हुआ है या ओलम्पिक खेलों में शामिल हाकी के खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द के नाम रहा है। नीरज चोपड़ा का योगदान इसलिए बड़ा एवं महान है कि उन्होंने ग्रामीण एवं देशी खेल को विश्व प्रतिष्ठा प्रदान की है। भले ही आर्थिक एवं चकाचौंध वाली सोच के कारण भारत में क्रिकेट का खेल अधिक लोकप्रिय हो, लेकिन खेल की वास्तविक भावना उसमें कहां रही? उसके मुकाबले भाला फेंक जैसे खेल के प्रति अपना जीवन समर्पित करके नीरज ने भारत की नई पीढीं को नई दिशा एवं नया मुकाम देने का काम किया और सन्देश दिया कि भारतीय यदि चाहे तो ग्रामीण खेल कहे जाने वाली स्पर्धाओं को भी विश्व पटल तक पहुंचा सकते हैं।

नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ी हमारे यहां कम नहीं हैं। खिलाड़ियों को समुचित माहौल, प्रशिक्षण और सुविधाएं मिलें, तो वे पदकों का ढेर लगा सकते हैं, नये कीर्तिमान एवं रिकार्ड बना सकते हैं। रिकार्ड सदैव टूटने के लिए होते हैं और टूटना ही प्रगति का प्रतीक है। नीरज शिखर पर है तो उसको छूने के प्रयास रुके नहीं। ऊंचा उठने के लिए असीम विस्तार है। हमारे खेलों में जब कोई खिलाड़ी अपनी काबिलियत के दम पर शिरकत करता है तो वह न हिन्दू होता है और न मुसलमान बल्कि हिन्दुस्तानी या भारतीय नागरिक होता है। भारत की एकता की ताकत दिखाने के लिए भी हमारे खेल और खिलाड़ी भी एक नमूना हैं। अत: मजहब या धर्म का वजूद हमारे लिए पक्के तौर पर निजी मामला ही है। नीरज चोपड़ा से कुछ पीछे पिछली बार भी पाकिस्तान का खिलाड़ी अरशद नदीम रहा था और इस बार भी यह खिलाड़ी रजत पदक जीतने में सफल रहा। नीरज एवं अरशद की दोस्ती पर कटाक्ष करने वाले खेलों को भी साम्प्रदायिक रंग देने की कुचेष्टा करते हैं।

जब भी कोई नीरज भाला उठाता है तो अनूठी दूरी तय करता है, या कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो दो सौ अस्सी करोड़ हाथ तन जाते हैं, एक सौ चालीस करोडों के मन में एक संकल्प, एक एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई नीरज पैदा होते हैं। अपने देश में हर बल्ला उठाने वाला अपने को गावस्कर-सचिन समझता है, हर बॉल पकड़ने वाला अपने को कपिल समझता है। हॉकी की स्टिक पकड़ने वाला हर खिलाड़ी अपने को ध्यानचंद, हर टेनिस का रेकेट पकड़ने वाला अपने को रामानाथन कृष्णन समझता है। और भी कई नाम हैं, मिल्खा सिंह, पी.टी. उषा, प्रकाश पादुकोन, गीत सेठी, जो माप बन गये हैं खेलों की ऊंचाई के। नीरज भी आज माप बन गया है और जो माप बन जाता है वह मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ स्थिति है। यह अनुकरणीय है। जो भी कोई मूल्य स्थापित करता है, जो भी कोई पात्रता पैदा करता है, जो भी कोई सृजन करता है, जो देश का गौरव बढ़ाता है, जो गीतों में गाया जाता है, उसे सलाम। नीरज के भाले को सलाम! उसके संकल्प को नमन!! उसके विश्वास का अभिनन्दन!!!

## संपादकीय

# बचाइए अपने बच्चों को

देश स्तर पर कोचिंग के हब बने कोटा में छात्रों की खुदकुशी एक भयावह ट्रेंड बनती जा रही है। यह बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अभी कल रविवार को ही नीट का टेस्ट देने के बाद दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली। इसी अगस्त में इंजीनियरिंग-मेडिकल की तैयारी में लगे छह छात्रों ने अपनी जान दे दी है। चालू वर्ष 2023 के पूरे होने में अभी तीन-चार महीने शेष है, यह आंकड़ा 25 तक पहुंच गया है। यह बीते कुछ वर्षों में सर्वाधिक है। यह बढ़ती तादाद चेतना को सुन्न कर दे रही है। छात्रों की खुदकुशी की अकेली वजह-निश्चित सफलता के लिए बेहतर न कर पाने का दुसह्य दबाव है-अब किसी से छिपी नहीं है। न छात्र से और न उनके माता-पिता/अभिभावकों से। कोचिंग-संचालकों को भी यह बात मालूम है। सरकार भी इसे जानती है, जबकि इसमें उसकी भूमिका सबसे आखिर में आती है। फिर भी प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने छात्रों की जान बचाने के लिए शुक्रवार को अपने आवास पर कोचिंग संचालकों के साथ दो घंटे तक मंथन किया। सरकार ने शिक्षा एवं चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाई है, जो 15 दिनों बाद अपनी रिपोर्ट में इस मसले का स्थायी हल बताएगी। फिलहाल सरकार ने कोचिंग में होने वाले सभी टेस्ट एग्जाम को दो महीने तक के लिए रोक दिया है। सवाल है कि स्थिति को इस हद क्रूर बनाने के लिए कौन जिम्मेदार हैं। निस्संदेह, छात्रों के माता-पिता दोषी हैं, जो अपने बच्चों की रु चि और क्षमता को थाहे बिना ही उन्हें इंजीनियर-डॉक्टर बनाने की अपनी अधूरी-असंतृप्त इच्छाओं एवं दूसरों की देखा-देखी पाली गई महत्त्वाकांक्षाओं का मनो बोझ उन पर डालते रहते हैं। ऐसे में छात्रों को खुद से लक्ष्य तय करने की इच्छा दबी रह जाती है। कई मामलों में खुद छात्र भी अंधानुकरण करते हुए अपने लिए कठिन विषय एवं करिअर का चुनाव कर लेते हैं, जिनके भी योग्य नहीं होते। पहली बार अपनों से दूर रह रहा छात्र अकेले ही अपने ऊपर पड़ते चौतरफा दबावों से जूझता होता है। खुद को साबित करने, इसमें फेल हो जाने, अपने साथियों के सफल होने, इस तरह अपने माता-पिता के सपनों को पूरा न करने का दोषी होने आदि दबाव उसे अपने ट्रैप में ले लेते हैं। इसके बाद उन्हें निर्थक लगती अपनी जिंदगी मौत में ही सार्थक लगती है। अगर बच्चों को बचाना है तो उनमें यह बात गहरे रोपनी होगी कि परीक्षाएं हमेशा चुनौतीपूर्ण ही रहेंगी पर इनमें फेल होना उनकी जिंदगी का दि एंड नहीं है। ईमानदार प्रयास अपने वश का है। यही मायने रखता है।

# बच्चे की पिटाई : तिल का ताड़ न बनाएं

**अवधेश कुमार**

हमारे सामने देश के दो अलग-अलग क्षेत्रों में दो विद्यालय छात्रों की पिटाई का मामला सुर्खियों में है। दोनों में पुलिस कार्रवाई जारी है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में मंसूरपुर के नेहा पब्लिक स्कूल में 24 अगस्त की घटना पर पूरे देश में तूफान खड़ा हो गया।

घटना केवल इतनी है कि शिक्षिका ने एक छात्र को गिनती नहीं सुनाने तथा होमवर्क नहीं करने पर दूसरे विद्यार्थियों से थप्पड़ लगवाए। इसे इस तरह बनाया गया मानो शिक्षिका ने जानबूझकर एक मुस्लिम बच्चों को हिंदू बच्चों से पिटवाया और इसके पीछे सांप्रदायिक भाव था।

उस कक्षा में कुल 60 बच्चे हैं, जिसमें 40 बच्चे मुस्लिम हैं। छात्र को थप्पड़ मारने वाले चार में से दो बच्चे एक छात्र और एक छात्रा मुस्लिम है। उस छात्र का चाचा वहीं था और उसने मोबाइल से वीडियो बना लिया। इसे यह कहते हुए प्रसारित किया गया कि हिंदू छात्रों से मुस्लिम छात्र को पिटवाया जा रहा है तथा शिक्षिका द्वारा मुस्लिम वर्ग के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही है। वैसे, छात्र का परिवार और शिक्षिका के बीच लोगों ने समझौता करा दिया, छात्रों के बीच भी मेल मिलाप कराया लेकिन तूफान न रुका। संबंधित शिक्षिका विकलांग है और उसने कहा कि वह स्वयं पिटाई नहीं कर सकती थी। हालांकि उसने बाद में स्वीकार किया कि बच्चे की पिटाई करना गलत था।

तो सामान्य घटना को तिल का ताड़ बनाकर ऐसे पेश किया गया मानो प्रदेश की उत्तर प्रदेश की सरकार के कारण हो रहा है। इसके एक दिन बाद 25 अगस्त को जम्मू के कठुआ जिले के बानी क्षेत्र के एक स्कूल में एक हिंदू छात्र की मुस्लिम शिक्षक और प्रधानाध्यापक द्वारा जबरदस्त पिटाई की गई। कक्षा 10 के उसे छात्र ने ब्लैक बोर्ड यानी श्याम पट्टिका पर जय श्रीराम लिख दिया था। प्राथमिक के अनुसार शिक्षक शाहरुख जैसे ही कक्षा में घुसा उसने ब्लैक बोर्ड पर जय श्री रम देखा और आग बबूला होते हुए संबंधित छात्र को बुरी तरह मारते हुए बाहर ले गया। बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसे प्रिंसिपल के कक्ष में ले गया और दोनों ने बंद कर उसकी और पिटाई की। बच्चे की हालत खराब हो गई, लेकिन उन्होंने धमकी दी कि अगर अगली बार तुमने ऐसा किया तो जान से मार देंगे। प्रिंसिपल और शिक्षक ने एक कर्मचारी को भेजकर बोर्ड को पानी से धुलवाया। छात्र की हालत खराब होने के बाद उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद स्वाभाविक ही लोगों में गुस्सा पैदा हुआ और वे सड़कों पर उतरकर विरोध करने लगे। दोनों पर प्राथमिकी दर्ज हो गई है। कठुआ के उपायुक्त ने तीन सदस्यीय जांच समिति नियुक्त की है। दोनों घटनाओं को देखिए और देश की प्रतिक्रियाओं पर नजर दौड़ाइए। मुजफ्फरनगर की घटना पर हाय-तौबा मचाने वाले समूह ने कठुआ की घटना को संज्ञान लेने लायक भी नहीं समझा। राष्ट्रीय मीडिया और सोशल मीडिया में मुजफ्फरनगर पर तूफान उठाने वाले सामने नहीं है। यही दोहरा आचरण आम भारतीयों के अंदर गुस्सा पैदा करता है। कठुआ की घटना प्रमाणित है जबकि मुजफ्फरनगर घटना में शिक्षिका तृप्ति त्यागी के बारे में झूठ प्रचारित हुआ। वीडियो बनाने वाले लड़के के चाचा नदीम ने कहा है कि शिक्षिका ने मजहब विशेष के बारे में कुछ नहीं कहा बल्कि यह कहा कि मुस्लिम महिलाएं मायके चली जाती हैं, बच्चे की पढ़ाई पर ध्यान नहीं देतीं। वीडियो बनाने वाला कह रहा है कि गलत अर्थ निकालकर प्रसारित किया जा रहा है। आरोपित शिक्षिका भी कह रही हैं कि उसकी बात का गलत अर्थ निकाला गया है, उसने केवल पढ़ाई के लिए सख्ती की, लेकिन राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, अखिलेश यादव, जयंत चौधरी, असदुदीन ओवैसी सहित अनेक नेता कूद पड़े हैं और एक शिक्षिका और छात्र का मामला मुस्लिम छात्र के विरुद्ध हिंदू शिक्षिका की सांप्रदायिक घृणा का मामला बना दिया गया।

दूसरी ओर जो वाकई मजहबी घृणा का मामला है उस पर इनमें किसी का बयान नहीं आया है। प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने को शिक्षक-शिक्षिकाएं डांटते हैं, थोड़ी पिटाई भी करते हैं, कान पकड़ कर उठक-बैठक कराते हैं या कई बार उसके सहपाठियों से भी दंड दिलवाते हैं। कानूनी रूप से यह गलत हो, पर सामान्य व्यवहार है और बच्चों के हित में किया जाता है। इसके पीछे दुश्मनी या घृणा भाव सामान्यत: नहीं होता।

कोई सिरफिरा या मानसिक रोगी हो तो अलग बात है। मुजफ्फरनगर की घटना को सामान्य माना जाना चाहिए था। किंतु भारत में एक ट्रेन सीट को लेकर हुई हिंसा मजहबी भीड़ की हिंसा बन जाती है। दूसरी और शुद्ध मजहबी नफरत की घटना के साथ सामान्य अपराध मानकर व्यवहार किया जाता है। मुजफ्फरनगर की घटना का सच स्थानीय लोगों को पता चला। इस कारण लोगों ने विरोध प्रदर्शन नहीं किया। बच्चे के अभिभावक और शिक्षिका के बीच बातचीत हुई। सबको सच्चाई समझ में आ गई। बावजूद कोई नेता, एक्टिविस्ट, बड़े पत्रकार अपनी गलती स्वीकारने को तैयार नहीं है। यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। देश के बड़े-बड़े नेता और नामचीन लोग ही बगैर सच्चाई का पता लगाए किसी एक पार्टी, संगठन परिवार या सरकार के विरु द्ध अपने गुस्से या घृणा के कारण तिल का ताड़ बना देंगे तो कभी भी देश में आग लग सकती है। जब तक सच सामने आएगा तब तक लोग अपना ही बहुत कुछ ध्वस्त कर चुके होंगे। यही लोग कठुआ पर न केवल चुप रहेंगे बल्कि पूछने पर कहेंगे कि पुलिस जांच कर रही है, उसे अपना काम करने देना चाहिए। इनसे पूछा जाना चाहिए कि यही बात मुजफ्फरनगर या ऐसी घटनाओं के संदर्भ में लागू क्यों नहीं होती? इसलिए यह सामाजिक और प्रशासनिक व्यवस्था का विषय है। विद्यालय से समाज का जुड़ाव तथा प्रशासनिक स्तर पर ऐसा ढांचा हो कि इन दो शिक्षकों की तरह कोई ऐसा करने का दुस्साहस न करे। एक शिक्षक से अत्यधिक आत्मानुशासन, आत्मसंयम और संतुलन की अपेक्षा की जाती है। भारतीय सभ्यता में शिक्षक को श्रेष्ठतम स्थान इसीलिए दिया गया है क्योंकि वह अपनी जीवन शैली से छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रेत होता है। यह बात आज के शिक्षकों के प्रशिक्षण के साथ-साथ समय-समय पर उनके अभ्यास वर्ग में बार-बार बताया जाना आवश्यक है। जरा सोचिए, मुजफ्फरनगर की तृप्ति त्यागी के बाद क्या कोई शिक्षक-शिक्षिका किसी विद्यार्थी द्वारा होमवर्क न करने या पाठ को याद न करने पर दंड देने या दिलवाने का साहस करेगा? तो फिर नुकसान किसका होगा?

# वर्ल्ड चैंपियन नीरज

नीरज चोपड़ा ने बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जेवेलिन का स्वर्ण पदक जीतकर देश को खुशी से सराबोर कर दिया है। नीरज को आमतौर पर पहली थ्रो में ही बेस्ट देने वाला माना जाता है। पर यहां पहली में फाउल होने के बाद वह दूसरी थ्रो में 88.13 मीटर की थ्रो से देशवासियों के चेहरों पर थोड़ा सुकून का भाव देने में कामयाब हो गए थे। हालांकि पाकिस्तान के नदीम जब आखिरी थ्रो करने आए तो सभी के मन में थोड़ी घबराहट थी पर वह जल्द खत्म हो गई और नीरज विश्व विजेता बनकर जेवेलिन के सभी प्रमुख खिताब जीतने वाले थ्रोअर बन गए। वह इससे पहले टोक्यो ओलंपिक, डायमंड लीग, एशियाई खेल और कॉमनवेल्थ गेम्स के स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। नीरज चोपड़ा की सफलताओं का ही परिणाम है कि एथलेटिक्स में युवाओं ने फोकस बनाया है और इसके परिणाम जेवेलिन में नीरज के अलावा किशोर जेना और डीपी मनु का फाइनल में स्थान बनाना रहा। नीरज के अलावा भारतीय पुरुष रिले टीम के शानदार प्रदर्शन करने से एथलेटिक्स में भविष्य उज्जवल दिखने लगा है। यह सही है कि इस विश्व चैंपियनशिप में भारत नीरज के इकलौते स्वर्ण के साथ ही लौटा है। पर इस चैंपियनशिप में भारतीय प्रदर्शन अगले माह चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में पदकों का अंबार लगाने के तौर पर देखा जा रहा है। नीरज इस साल की शुरुआत में जब कोहनी की चोट से लौटे थे, तब लगा था कि क्या वह टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाली लय को पा सकेंगे। नीरज ने डायमंड लीग खिताब से ही जता दिया था कि वह पूरी लय में हैं और अब विश्व खिताब जीतने से वह अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में स्वर्ण जीतने के प्रमुख दावेदार बन गए हैं। वह यदि पेरिस ओलंपिक में भी स्वर्ण जीत जाते हैं तो लगातार दो ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। नीरज जैसे प्रदर्शन युवाओं को खेल में आकर्षित करते हैं। हम विनाथन आनंद की सफलता से भारतीय शतरंज में आए बदलाव को पिछले दिनों देख चुके हैं। एथलेटिक्स में भी शतरंज जैसे सुधार की उम्मीद की जा सकती है। वैसे तो भारतीय एथलीट पिछले कुछ सालों से अपने प्रदर्शन का प्रभाव छोड़ रहे हैं। पर उनके प्रदर्शन में आए सुधार की सही परख पहले एशियाई खेलों और फिर ओलंपिक खेलों में ही हो सकती है।

# कैदी ट्रंप अपने मगशॉट को भुनाते हुए

**श्रुति व्यास**



क्या किसी कैदी का मगशॉट वायरल हो सकता है? क्या कभी किसी ने अपने मगशॉट को भुनाने की कोशिश की है? मगशॉट का अर्थ है अमेरिका में गिरफ्तारी के बाद आरोपी के चेहरे का लिया गया फोटो। मगर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोई मामूली मुलजिम नहीं हैं। कैदी नंबर पी01135809, संयुक्त राज्य अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति हैं। जाहिर है अमेरिका के सिस्टम में किसी के लिए रियायत नहीं है। और ट्रंप के दौर में तो वाकई सब कुछ मुमकिन है। एक पूर्व राष्ट्रपति जेल जा सकता है। मगर साथ ही वह दुबारा राष्ट्रपति बनने की दौड़ में शामिल भी रह सकता है और यही नहीं, वह जेल में ली गई अपनी फोटो का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए कर सकता है!

कोई भी सामान्य व्यक्ति अपना मगशॉट लिए जाने से अपमानित महसूस करेगा। अपना मुंह छुपाता फिरेगा। फिर ट्रम्प तो ऐसे पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर चार आपराधिक मामलों में 91 आरोप लगाए गए और जिनका जेल में एक कैदी के तौर पर फोटो लिया गया। लेकिन ट्रंप सबसे अलग हैं। वे खुले आम और बड़े चाव न गर्व से अपनी बेशर्मी का प्रदर्शन कर रहे हैं। वे अपनी इस तस्वीर के साथ ट्विटर (जो अब एक्स है) पर दुबारा आ गए हैं। इस फोटो का उपयोग वे अपने चुनाव अभियान के लिए चंदा उगाही के लिए कर रहे हैं और उसे कपड़ों, मगों वगैरह पर छपवा रहे हैं। उनके लिए मगशॉट एक मैडल है, जिसे शान से सब को दिखाया जा सकता है और दिखाया जाना चाहिए। हम चाहे इसे कितना ही नापंसद क्यों न करें पर ट्रंप और उनकी टीम मानते हैं कि बदनाम हुए तो क्या हुआ, नाम तो हुआ। वे नकारात्मक प्रचार को भी सकारात्मक मानते हैं। इस मुद्दे पर उन्होंने इतना शोर मचाया कि 91 आरोपों के बावजूद ट्रम्प राष्ट्रपति बनने की दौड़ में एक बार फिर सबसे आगे निकल गए। ट्रंप जेल में अपना मगशॉट लिए जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और उसके लिए तैयार थे। फोटो खींचे जाते समय चेहरे पर कैसे भाव होने चाहिए, इस पर पर्याप्त चिंतन-मनन हो चुका था। हम जानते हैं कि सही कपड़ों और चेहरे पर सही भावों की प्रचार में कितनी अहम भूमिका होती है। अप्रैल में ट्रम्प के नकली मगशॉट छपी एक टीशर्ट बाज़ार में उतारी गयी ताकि यह अंदाजा लगाया जा सके कि लोगों कि इस पर क्या प्रतिक्रिया होती है। अंतत: जब 24 अगस्त को ट्रंप ने जार्जिया की फुल्टन काउंटी में आत्मसमर्पण किया और पुलिस ने उनकी फोटो खींची तब उनके हाव-भाव बिल्कुल वैसे ही थे जिनके लिए वे जाने जाते हैं ङ्क गुस्से से फूला चेहरा, तिरछी भौंहें और एकटक कैमरे की ओर देखते हुई आंखें।

ट्रंप ने मगशॉट के आसपास ऐसा नरेटिव बुना जिससे उन्हें खूब फायदा हुआ। फुल्टन काउंटी के जेल में गुरूवार की रात आत्मसमर्पण के लिए ऐसा समय चुना गया जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा मीडिया कवरेज मिले। उन्होंने टीवी चैनलों पर प्राईमटाईम ख़बरों के प्रसारण के ठीक पहले आत्मसमर्पण किया। उनके समर्थक वहां मौजूद थे और दुनिया भर का मीडिया उनकी गिरफ़्तारी का छोटे से छोटा विवरण दे रहा था। माहौल जुनून भरा था और ट्रंप को इससे कितना फायदा हुआ इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फोटो लिए जाने के बाद से ट्रंप को चुनाव अभियान के लिए 71 लाख डालर मिल चुके हैं। पोलिटिको के अनुसार अकेले शुक्रवार को उनकी झोली में 41 ।80 लाख डालर आए जो उनके चुनाव अभियान के दौरान 24 घंटे में मिली सबसे बड़ी रकम है।

ट्रंप की कोशिश यह है कि उनके समर्थकों को यह यकीन हो जाए कि उन्हें फंसाया जा रहा है। वे अपने नजदीकी लोगों से बातचीत के दौरान यह स्वीकार भी करते हैं कि इन कानूनी पचड़ों से उन्हें सियासी फायदा मिल रहा है। उन्होंने अलबामा में एक डिनर में कहा, ''जैसे ही मेरे खिलाफ कोई नया अभियोग दाखिल होता है, चुनाव में हमारी स्थिति और बेहतर हो जाती है। बस एक अभियोग और और हमारा काम बन जायेगा, हम चुनाव जीत जाएंगे।।।किसी और के लिए कोई चांस ही नहीं है卐। इसमें कोई संदेह नहीं कि ट्रंप का मगशॉट लिए जाने और उन पर मुकदमे का जिक्र इतिहास की किताबों में होगा। बड़ा सवाल यह है कि इसके विवरण में क्या लिखा होगा ङ्क इससे ट्रम्प के राजनैतिक जीवन के अंत की शुरुआत हुई या इसने उनकी राजनीति में नयी जान फूंकी। क्या यह फोटो 2024 में उनके चुनाव जीतने में मददगार होगी? ऐसा लग रहा है कि ट्रंप जीत सकते हैं और अगर ऐसा होता है तो वे वह कर दिखाएंगे जो आज तक किसी ने नहीं किया। अमरीका में सब कुछ और कुछ भी मुमकिन है!

# मेरी आज की रचना है

**जे के डागर**



सपने में चंदा मामा आये
पहनके नया पजामा आये
जो इसरो ने सिलवाया था
चंद्रयान से भिजवाया था
पर चेहरे पे धूल जमी थी
यान यात्रा फिज़ूल लगी थी
गले लगाया आकर जो पास
पूछा मैंने क्यों भये उदास
बमुश्किल पानी का घूंट लिया
बोले धरा को तुमने लूट लिया
अब लाये हो वाहन मेरे दर पे
छोड़ो गे प्रदूषण यहाँ कर के
बोला मैं इसमें कुछ नहीं गलती
यह गाड़ी सौर ऊर्जा से चलती
यह सुन जान में जान आगयी
मामा जी की मुस्कान आ गयी
बोले क्या दूसरों का भय होगा
इसरो का ही जाय जय होगा

# दमदार सामाजिक सेवक चंद्रकुमार साहू भाटापारा विधानसभा में मजबूत दावेदार

**चंद्रप्रकाश टोंडे की रिपोर्ट** : जैसे जैसे विधानसभा के चुनाव नजदीक आ रहे है वैसे वैसे विधानसभा लड़ने को इच्छुक लोग अपनी अपनी दावेदारी में लगे हुए है,इस कड़ी में भाटापारा विधानसभा में जो नाम ओबीसी वर्ग से आम जनमानस में चर्चा का विषय है पूर्व सरपंच सुसाइटी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष चन्दकुमार साहू का,,,,आम जनमानस के मन में अब नया और बेदाग छवि वाले नेता की जब जब बात आती है तो सभी लोगो की पसंद चन्द्रकुमार साहू पर जा टिकती है,वे बेहद सरल हर पल आम जनता के किसी समस्या के समाधान के लिए तत्पर रहने वाले जननेता के रूप में भाटापारा विधानसभा में अपनी छवि बना चुके है,,,अगर सूत्रों की माने तो चन्दकुमार साहू. प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवम मुख्यमत्री भूपेश बघेल के करीबी नेताओं में एक है,जिला कांग्रेस में उनका कद लगातार बड रहा है,ये छात्र जीवन से राजनीति में बेहद सक्रिय रहे है,आज तक कोई चुनाव में पराजय का समाना नही करना पड़ा है,आम लोगो के जुबान पर एक चर्चा हमेशा चन्द्रकुमार साहू के लिए होता है की ,,, हमन सरपंच पंचायत चुनाव में वोटिंग बस करत रहेन ओखार बाद सरपंच पंचायत का होथे नही जानत रहेन,पर चन्द्रकुमार साहू सरपंच बने मे जाने हन की सरपंच सुसाइटी अध्यक्ष का होथे,हमर हर सुख दुख मे आथे जाथे अऊ हर गांव मे विकास के काम कराथे,,,चन्द्रकुमार साहू की लोकप्रियता सभी दलों और संगठन के लोगो के बीच है वो किसी से दुवा भेद नहीं करते,सबका काम करते है,भाटापारा विधासभा में चन्द्रकुमार साहू के परिवार का नाम बड़े इज्जत और प्रेम से लिया जाता है,पूरे भाटापारा विधानसभा में इनके परिवार का रिश्ता राजनीतिक न होकर लोगो से परिवारिक हैं जिसके कारण जब जब कोई पौसरी परिवार से चुनाव लडता है तो आम



लोग दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पौसरी साहू परिवार को भारी मतों से विजय बनाता है,,,,ज्ञात हो कि चन्द्रकुमार साहू जी को पूरा छत्तीसगढ जानता है,चन्द्रकुमार साहू का परिवार शुरू से साहू समाज का छत्तीसगढ़ स्तर पर किसी न किसी रूप में नेतृत्व करता आ रहा है,ये इस लिए बताना जरूरी है की भाटापारा विधानभा में लगभग 70 हजार साहू समाज का वोट है जो किसी न किसी कारण से काग्रेस से उपक्षेति होकर,भाजपा का प्रमुख वोट बैंक बन गया है,अगर चन्द्रकुमार साहू को कांग्रेस अपना प्रत्याशी बना देती है तो साहू समाज का पूरा वोट इनको चला जायेगा जो भाजपा के कोरवोट बैंक का बड़ा नुकसान होगा और कांग्रेस को बहुत बड़ा फायदा,चन्द्रकुमार साहू सभी समाज के लोगो का आदर करते है एवम अभी समाज के लोग अपने सुख दुख और सामाजिक कार्यक्रम में बुलाते है,चन्द्रकुमार साहू के पक्ष में एक बात और है भाटापारा विधानभा में एक लोकल छत्तीसगढ़ का संगठन और क्षेत्रीय पार्टी का संचालन उनके पारिवारिक रूप से जुड़े लोग ही करते है,जिनका भाटापारा विधानसभा में बड़ा वोट बैंक है,अगर साहू प्रत्याशी होते है तो सीधा फायदा कांग्रेस को होगा,,भाटापारा विधानभा में कांग्रेस की गुटबाजी की चर्चा पूरे प्रदेश में होती है,परंतु चन्द्रकुमार साहू इन सबसे दूर रहते है,वो कहते है हमारे क्षेत्र में जितने भी सम्मानित नेता है उनसे मेरा परिवारिक संबंध है,इसलिए वो जब जब चुनाव लड़ते है तो पूरे कांग्रेसी एक जुट होकर उनको विजयी बनाते है,,,,भाटापारा में बेहद तेजी से एक मांग उठते आया है की ओबीसी वर्ग से नया चेहरे को प्रत्याशी बनाने की,ज्ञात हो कि भाटापारा विधानसभा में एस टी एस सी ओबीसी का एक गैर राजनीतिक संघठन बना है जो सभी राजनीतिक दलों से मांग कर रहा है की भाटापारा विधानसभा में इन तीनो में से किसी एक वर्ग को टिकट दिया जाए,,इस बात पर सभी राजनीतिक पार्टी को प्रत्याशी चयन में ध्यान रखना चाहिए,ये फैक्टर इस बार भाटापारा विधानसभा में जीत हार तय करने के महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी,,,

## सार-समाचार

### पुलिस कर्मियों पर मिट्टी को तेल डालने वालो के खिलाफ मामला दर्ज

**भिलाई।** जामुल थाना प्रभारी याकूब मेमन समेत पुलिस जवानों को उन्हीं के थाने में मिट्टी का तेल छिड़कर जिंदा जलाने का प्रयास करने के मामले में भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा समेत 6 लोगों पर केस दर्ज किया गया। बता दें कि 24 जुलाई को जामुल थाना परिसर में भाजपा के करीब 400 कार्यकर्ता प्रदर्शन करने के लिए जुटे थे। पुलिस से नोंकझोंक के बीच थाना प्रभारी और अन्य पुलिसवालों पर थाना परिसर में ही मिट्टी का तेल डाला गया। इस घटना के लगभग एक सप्ताह बाद आज गुरूवार को पुलिस भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा समेत 6 लोगों पर केस दर्ज किया गया। इस सबंध में थाना इंचार्ज जामुल याकूब मेमन का कहना है कि मेरे स्टॉफ ने बीजेपी वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। जांच के बाद थाने में सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### उप सचिव, भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के विभागीय कार्यों का निरीक्षण

**दुर्ग।** उप सचिव भारत शासन, मंत्रालय महिला एवं बाल विकास विभाग श्री दयाशंकर ने विगत 28 अगस्त को दुर्ग जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं संस्थाओं का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम एकीकृत बाल विकास परियोजना पाटन के आंगनबाड़ी केन्द्र पाटन क्रमांक 12 का निरीक्षण किया। यहां पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति, वीएचएसएनडी की गतिविधियों, पूरक पोषण आहार कार्यक्रम तथा पोषण ट्रैकर ऐप में डाटा एन्ट्री सबंधी कार्यो की जानकारी ली गई। भ्रमण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र में उपस्थित बच्चों ने गीत कविता आदि सुनाई तथा आगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप में की जा रही डाटा एन्ट्री से संबंधित समस्त जानकारियों से अवगत कराया। आंगनबाडी केन्द्र की पोषण वाटिका का भी अवलोकन उप सचिव भारत शासन के द्वारा किया गया तथा वहाँ उगाई गई सब्जी/फ्लों पर संतोष व्यक्त किया। टीम के द्वारा मानिकचौरी आगनबाडी केन्द्र का भी निरीक्षण के दौरान स्थानीय सरपंच श्रीमती मोतिम साहू तथा अन्य ग्रामीणजन भी उपस्थित थे। उप सचिव भारत शासन के द्वारा आंगनबाड़ी के संपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा बच्चों से बातचीत भी किया गया। आंगनवाडी केन्द्र में सरपंच के सहयोग से निर्मित बालसुलभ शौचालय का अवलोकन करने के उपरांत उप सचिव भारत शासन द्वारा इसे प्रशंसनीय बताया गया। पोषण वाटिका के निरीक्षण के दौरान वहाँ लगी सब्जी/फ्लों को देखकर प्रशंसा व्यक्त की गई। टीम द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र कातरो क्र. 01 के निरीक्षण दौरान 01 बालिका डुलेश साहू का जन्म दिन होने के उपलक्ष्य में केक काटा गया तथा 01 बालक का अन्नप्रासन तथा 02 गर्भवती माताओं की गोदभराई का कार्यक्रम संपादित किए गये। उप सचिव भारत शासन के द्वारा बच्चों एवं गर्भवती माताओं को दिए जा रहे गर्म भोजन की गुणवत्ता एवं मात्रा का भी अवलोकन करते हुए स्वयं हितग्राहियों को गर्म भोजन वितरण किया गया। आंगनबाडी केन्द्र में निर्मित पोषण वाटिका के संधारण हेतु आंगनबाडी कार्यकर्ता सुषमा साहू द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके उपरांत उप सचिव, भारत शासन के द्वारा सखी वन स्टाप सेंटर का अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान केन्द्र प्रशासक द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में मानसिक रोगी महिलाओं हेतु एक पृथक कक्ष तथा आने वाली महिलाओं की काउंसिलिंग हेतु प्रथक से काउसिलिंग कक्ष, बाउन्ड्रीवाल, गार्ड रूम एवं व्यवस्थित गार्डन का निर्माण जिला प्रशासन के सहयोग से कराया गया है, जिससे सखी वन स्टॉप सेंटर में आने वाली पीड़ित महिलाओं को विशेष सहयोग प्राप्त होता है। उप सचिव भारत शासन के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। इसके उपरांत उप सचिव भारत शासन के द्वारा जिले में शीघ्र ही संचालित होने वाले चाईल्ड हेल्प लाईन की स्थापना हेतु की जा रही तैयारियों का अवलोकन भी किया गया।

# मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**अशोक जैन खास रिपोर्ट**




**कांकेर।** शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेपरा में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया ।इसमें मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच भागवत नेताम, विशिष्ट अतिथि लीला दास दुबे अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ,नारद कांगे,साधुराम दर्रो रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया ।झरना एवं माही नेताम के द्वारा मेजर ध्यानचंद की जीवनी के बारे में विस्तार से बतलाया गया ।इसके बाद पी टी आई नीरज वटी की अगुवाई में विभिन्न खेल जैसे रस्साकस्सी ,खो खो , लंबी कूद आदि का आयोजन किया गया।, रंगोली एवं राखी बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया । समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल को अपने जीवन में लागू करने और अनुशासन में रहकर खेल खेलने की बात कही ।नीरज वटी ने समस्त उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।आज के इस खेल दिवस के कार्यक्रम में प्राचार्य शेख़ सज्जाद खान ,स्वदेश शुक्ला, योगेंद्र चंद्राकर रितु वटी, दिलीप ठाकुर, दिलीप साहू, रामेश्वर टांडिया के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं राजीव युवा मितान से देवेंद्र साबे,देवेश निर्मलकर और सभी छात्र-छात्राएं

# थाना सिमगा पुलिस द्वारा चोरी के प्रकरण में थाने से फरार कुख्यात आरोपी संदीप महिलांगे को किया गया गिरफ्तार

### फरार आरोपी की मदद कर उसे संरक्षण देने वाले अन्य 02 व्यक्तियों को भी किया गया गिरफ्तार



**चंद्रप्रकाश टोंडे की रिपोर्ट** :फरार आरोपी द्वारा अपचारी बालक के साथ मिलकर दिया लाखों रूपये की चोरी की घटनाओं को अंजाम*आरोपियों से सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम सहित कुल ?4,52,000 कीमत मूल्य का सामान किया गया है बरामद*आरोपी संदीप महिलांगे थाना सिमगा में अभिरक्षा से हो गया था फरार*

फरार आरोपी को उसके साथियों के साथ थाना भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोढी (एस) से किया गया गिरफ्तार

थाना सिमगा के अपराध क्र. 275/2023 धारा 457,380 भादवि के मामले में थाना सिमगा एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा प्रकरण में *आरोपी 01. संदीप महिलांगे उर्फ नानू पिता बद्री महिलागे उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण हाल निवासी न्यू आनंद नगर भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर 02. एक अपचारी बालक* को अभिरक्षा में लिया गया था। प्रकरण में दिनांक 26.08.2023 को मेमोरेण्डम कथन के आधार पर *आरोपी संदीप महिलांगे से ?2,50,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी जेवर व नगदी रकम ?40,000 सहित कुल ?2,90,00 बरामद किया गया है।* सांथ ही आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवेंजेर भी जप्त किया गया है। इसी प्रकार अपचारी बालक से आज दिनांक को पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया, जिसमें *अपचारी बालक से मेमोरण्डम कथन के आधार पर ?1,50,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर व नगदी रकम ?12,000 सहित कुल ?1,62,000 बरामद किया* गया है। सांथ ही अपचारी बालक से घटना में प्रयुक्त जुपीटर स्कूटी भी जप्त किया गया है। *इस प्रकार पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से कुल ?4,00,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर, नगदी ?52,000 सहित कुल ?4,52,000 कीमत मूल्य का चोरी का समान बरामद* किया गया था। इस दौरान अपचारी बालक को माननीय किशोर न्यायालय बलौदाबाजार में पेश किया गया था। आरोपी संदीप महिलांगे को दिनांक 26.08.2023 को मेमोरेण्डम व जप्ती कार्यवाही के पश्चात अन्य प्रकरण में पूछताछ हेतु हिरासत में लेकर थाना सिमगा लाकर सुरक्षित रखा गया तथा आरोपी सदर की सुरक्षा में पर्याप्त संख्या में पुलिस स्टाफ लगाया गया था। कि इसी बीच आरोपी संदीप महिलांगे दिनांक 26-27.08.2023 की दरम्यानी रात्रि में पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था, जिसके विरूद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 279/2023 धारा 224 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।* कि प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी भाटापारा श्री आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में फरार आरोपी संदीप महिलांगे को गिरफ्तार करने एवं उसकी खोजबीन हेतु थाना सिमगा से निरीक्षक मंजूलता राठौर द्वारा एक टीम गठित कर सउनि विष्णु टण्डन हमराह प्रआर.650 रामनारायण वर्मा आर. 743, 547, 606, 857,739 मआर. 491 के आरोपी की पतासाजी हेतु रवाना किया गया था।

पतासाजी दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिला की फरार *आरोपी संदीप महिलांगे को उसके साला मसीह कुजुर निवासी महामाई थाना खुड़िया जिला मुंगेली एवं उसके अन्य साथी अमित पात्रे उर्फसाहिल निवासी गोढी (स) थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा भागने में सहयोग किया गया एवं सरक्षण देकर अपने घर में रखा* गया है। कि सुचना पर तत्काल उक्त टीम द्वारा *ग्राम गोढी (एस) अमित पात्रे के घर दबिश दिया गया, जहां पर आरोपी संदीप महिलांगे उपस्थित मिला तथा उनके सहयोगी मसीह कुजुर व अमित पात्रे उर्फसाहिल पात्रे मिला, जिन्हे सुरक्षापूर्वक थाना लाया* गया। आरोपियों से पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। *आरोपी संदीप महिलांगे को भगाने एवं सरंक्षण देने मे सहयोग करने वाले आरोपी मसीह कुजुर एवं अमित पात्रे के विरूद्ध अपराध धारा 212 भादवि जोड़ी गयी है*। प्रकरण में तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपियो को न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया है ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक मंजूलता राठौर के मार्गदर्शन में सउनि विष्णु टण्डन, सउनि नरेंद्र मारकण्डेय, प्रआर.650 रामनारायण वर्मा, प्रआर.88 संतोष वर्मा, प्रआर.132 संजय सोनी एवं आरक्षक बिरेंद्र सिन्हा, राजेंद्र ठाकुर, लोकेश डड़सेना, अरविंद कौशिक, गिरीश चौबे, बब्बू साहू व महिला आरक्षक अहिल्या वर्मा को विशेष योगदान रहा ।

**आरोपियों के नाम** - फरार आरोपी 01. संदीप महिलांगे उर्फ नानू पिता बद्रीप्रसाद महिलांगे उम्र 25 साल साकिन सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार हाल पता न्यू आनंद नगर भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर

02.मसीह कुजुर पिता केवल साय कुजुर उम्र 23 साल निवासी महामाई थाना खुड़िया जिला मुंगेली

03.अमित पात्रे उर्फ साहिल पिता राजकुमार पात्रे उम्र 24 साल निवासी ग्राम गोढी एस थाना भाटापारा ग्रामीण को

# शराब एवं मादक पदार्थों के अवैध विक्रय, परिवहन एवं धारण पर रोकथाम के लिए आबकारी विभाग का प्रयास

**दुर्ग।** आगामी विधानसभा निर्वाचन - 2023 के मद्देनजर अवैध मदिरा धारण, परिवहन एवं विक्रय को नियंत्रित किये जाने हेतु आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके अन्तर्गत हाल ही में 02 अलग-अलग प्रकरण कायम किये गए। सहायक आयुक्त आबकारी दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम प्रकरण में 26 अगस्त 2023 को ग्राम घोरारी में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धाराओं के तहत कुल 10 कायम प्रकरणों में 676 लीटर महुआ शराब व 24400 किलोग्राम महुआ लाहन तथा हाथभठ्ठी शराब बनाने के उपकरण जप्त किये गये हैं, जिनका कुल बाजार मूल्य 799600 रूपये है। उक्त 10 प्रकरणों में से 02 प्रकरणों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) एवं (च) के तहत तथा शेष 08 प्रकरणों के अज्ञात आरोपियो के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) व 34(1) (च) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार द्वितीय प्रकरण में 29 अगस्त 2023 को आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धाराओं के तहत कायम प्रकरण में 36 पाव देशी मदिरा मसाला 6.48 बल्क लीटर जप्त किया गया है, प्रकरण में 01 आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस संयुक्त कार्यवाही में जिले के सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस एन साहू, अशोक अग्रवाल एवं धीरज कन्नौजिया तथा आबकारी उप निरीक्षक भुनेश्वर सिंह सेंगर, हरीश कुमार पटेल तथा जिले के आबकारी मुख्य आरक्षक एवम आरक्षक उपस्थित थे। आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 को लेकर आबकारी विभाग ने जिले में संदिग्ध स्थानों, मार्गों एवं रेलवे स्टेशनों पर लगातार जांच की कार्यवाही की जा रही है। जिले में शराब एवं मादक पदार्थों के अवैध विक्रय, परिवहन एवं धारण पर रोकथाम हेतु शिकायत दर्ज कराये जाने बाबत टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 जारी किया गया है। इसके अलावा आबकारी विभाग के टोल फ्री शिकायत नम्बर 14405 पर भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

### कांकेर जिले के 5,476 हितग्राही हुए लाभान्वित, जिले के 1162 युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया

# बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री ने किया राशि का अंतरण

**अशोक जैन रिपोर्ट**

कांकेर मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल ने आज बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को पांचवी किष्त की राषि का अंतरण किया। राज्य के 01 लाख 29 हजार 886 हितग्राहियों के खाते में 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रूपये की राषि जारी किया गया। इस योजना के तहत राज्य में अब तक 146 करोड़ 98 लाख 95 हजार रूपये की राषि जारी किया जा चुका है। इस योजना से कांकेर जिले के 5,476 हितग्राही भी लाभान्वित हुए हैं, उनके खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से 2500-2500 रूपये की राषि अंतरित की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल द्वारा आईटीआई के प्रषिक्षण अधिकारियों को नियुक्त पत्र भी प्रदान किया गया, इससे कांकेर जिले के 03 युवा भी लाभान्वित हुए है। कांकेर तहसील के ग्राम दसपुर निवासी तरूण कुमार साहू, तहसील नरहरपुर के ग्राम आंखीहर्रा निवासी परिवर्तन और तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम गढ़बांसला निवासी किषोर कुमार राणा को भी आईटीआई में प्रषिक्षण अधिकारी की नौकरी मिली है, उन्हें कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा शासकीय नौकरी का नियुक्ति पत्र प्रदान किया



गया। इस अवसर पर कांकेर तहसील के ग्राम बुदेली निवासी गितेष कुमार मण्डावी को बाम्बे इंटेलीजेन्स सिक्यूरिटी रायपुर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी के लिए नियुक्त पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले जिले के युवाओ को कौषल उन्नय का प्रषिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, साथ ही रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेला आयोजित की जा रही है। जिले में अब तक 1162 युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा चुका है।

बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को राशन का अंतरण के लिए कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आज वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर, लाइवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर के प्राचार्य सुनील नेताम, महिला आईटीआई कांकेर के प्राचार्य सुरेश कुमार ध्रुव सहित बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले युवा भी मौजूद थे।

**बेरोजगारी भत्ता योजना की राशि जारी होने पर युवाओं ने दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद**- बेरोजगारी भत्ता योजना से लाभान्वित होने पर कांकेर के शीतला पारा निवासी रानी विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हे अपने भविष्य के निर्माण में सहुलियत होगी, पहली बार उन्हें बेरोजगारी भत्ता की राशि जारी की गई है। बीए तक पढाई के बाद टैली का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहती है। ग्राम आतुरगांव निवासी फरसराम चतुर्वेदी तथा ग्राम पटौद निवासी अर्चना को भी बेरोजगारी भत्ता योजना के प्रथम किस्त की राशि जारी की गई, जिस पर उन्होंने खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि इससे उन्हे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें खरीदने में मदद मिलेगी।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwdkanker 2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला कोण्डागांव के ब्लॉक - माकड़ी, कोण्डागांव, फरसगांव, बड़ेराजपुर एवं केशकाल अंतर्गत निम्नलिखित ग्रामों में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु दिनॉक - 12.09.2023, समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | स्थल / ग्राम | अनुमानित लागत प्रत्येक कार्य हेतु |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 27 से 42 | 145321 से 145336 | ग्राम- काटागांव, तोरंडी, उड़िदगांव, चिलपुटी, रांधना, बालोंड, केरावाही, शामपुर, चिपावण्ड, करंजी, शंकरपुर, हिर्री, चिंगनार, भण्डारसिवनी, कोसमी, बहीगांव | 120.49 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ती, निविदा दस्तावेज एवं निविदा की विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। (डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 12.09.2023, समय 17.30 बजे तक)

नोट:- प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी- 04770/1

## कान्हा की नगरी में 151 फीट लंबी गुफा में बाबा बर्फानी ने दिए दर्शन



**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा में 151 फीट लंबी बर्फ की गुफा। गुफा में नाचते गाते शिवगण। पहाड़ों के बीच में बहते झरने, पेड़-पौधे। गुफा में जगह जगह बनाए गए बर्फ के पहाड़। इसी गुफा में विराजमान सात फीट के बर्फ से बने बाबा बर्फानी के दर्शन कर भक्तों को लगा कि जैसे वह साक्षात बाबा अमरनाथ के दर्शन कर रहे हैं। सेल्फी प्वांइट के रूप में चंद्रयान-3 को भी प्रतीकात्मक रूप से यहां रखा गया। इसके पास खड़े होकर युवाओं और बच्चों को तो छोड़िए, बुजुर्ग भी सेल्फी लेने में पीछे नहीं रहे। इसी तरह बाबा केदारनाथ की झांकी भी दर्शन हुए। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रात में एक बजे तक भक्तों की कतारें लगी रही।

दर्शन के दौरान बच्चे काफी उत्साहित दिखे। उन्हें यहां मेले जैसा माहौल प्रतीत हो रहा था। यह नजारा महाविद्या कॉलोनी स्थित बाबा नर्मदेश्वर मंदिर का था। जहां मंदिर समिति द्वारा बाबा अमरनाथ की गुफा बनाई गई और भक्तों को दर्शन कराए

## बदमाशों ने दिनदहाड़े जन सेवा केंद्र के संचालक को मारी गोली

**गाजीपुर।** कासिमाबाद थाना क्षेत्र के सिधागरघाट चट्टी स्थित एक जन सेवा केंद्र संचालक को मंगलवार को दिनदहाड़े बाइक सवार पहुंचे दो नकाबपोश बदमाशों ने गोली मार दी। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायल के मुताबिक गोली मारने के पहले बदमाश बोले थे कि जितना पैसा है लाओ दो, लेकिन उसके यह कहने पर कि अभी दुकान खोले ही हैं पर वे वारदात को अंजाम दे दिए।

सिधागरघाट निवासी अजीत साहनी (25) ने 17 अगस्त को सिधागरघाट चट्टी पर जनसेवा केंद्र खोला। आज करीब 11 बजे एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश पहुंचे। पिस्टल दिखाते हुए अजीत साहनी से बोले, जितना पैसा है लाओ दो, इसपर उसने कहा अभी मुझे दुकान खोले कुछ ही समय हुआ है। मैं कहां से दे पाऊंगा। आरोप है कि इतने में बदमाश उसके सीने में गोली मारकर फरार हो गए। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे स्थानीय पुलिस एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कासिमाबाद ले गई। जहां से उसे डॉक्टरों ने रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है बदमाशों ने तीन गोली मारी है। वहीं, घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। आसपास के दुकानदार अपनी दुकानें भय के कारण बंद कर दिए हैं।

# जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

भारत में अगले माह में जी-20 शिखर सम्मेलन होने वाला है। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। इस पर एक बार फिर व्हाइट हाउस ने मुहर लगा दी है। यहां की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन वैश्विक स्तर पर आर्थिक सहयोग के प्रमुख मंच के रूप में जी-20 के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।




पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति जी-20 में वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए कई संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान वह जलवायु परिवर्तन से निपटने से लेकर यूक्रेन में रूस के युद्ध के आर्थिक और सामाजिक प्रभावों को कम करने पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि जी-20 के दौरान कोशिश की जाएगी कि गरीबी से बेहतर ढंग से लड़ने और दुनिया भर के देशों को प्रभावित करने वाली महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों की क्षमता बढ़ाई जा सके।गौरलतब है, व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने 23 अगस्त को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जानकारी दी थी कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। उन्होंने बताया था कि राष्ट्रपति बाइडन 7-10 सितंबर तक भारत का दौरा करेंगे।

### इन विषयों पर होगी चर्चा

*जो बाइडन की भारत यात्रा को लेकर व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने पहले भी एक बयान जारी किया था। बयान में कहा गया था कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान वे अन्य नेताओं के साथ यूक्रेन संघर्ष सहित कई वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। साथ ही बाइडन जी20 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना करेंगे। राष्ट्रपति बाइडन और जी20 साझेदार स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन से निपटने, यूक्रेन संघर्ष के आर्थिक और सामाजिक प्रभावों को कम करने सहित वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए कई संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करेंगे।*

*सुलिवन ने कहा था कि राष्ट्रपति बाइडेन अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक में सुधार पर जोर देंगे ताकि विकासशील देशों को ज्यादा मदद हो सके। अमेरिकी एनएसए ने कहा कि इन दोनों संस्थाओं को चीन के बेल्ट एंड रोड पहल के तहत दिए जाने वाली वित्तीय मदद की जगह विकासशील देशों को और बेहतर विकल्प देने की जरूरत है। सुलिवन ने पत्रकारों से कहा था कि इन देशों की ओर से जिन चुनौतियों का सामना किया जा रहा है उससे मुकाबले के लिए इनकी आवाज को हम स्पष्ट सुन रहे हैं।*

## चीन ने दिखाई चालबाजी, अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को बताया अपना हिस्सा




**बीजिंग, एजेंसी।**

चीन ने अपने मानक मानिचत्र का नया संस्करण जारी किया है। चीन द्वारा मानचित्र जारी करते ही विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चीन, ताइवान और दक्षिण चीन सागर को अपने क्षेत्र में दिखाया। इसके बाद भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न अंग रहा है और हमेशा रहेगा।

चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने एक्स पर ट्वीट कर कहा कि चीन ने सोमवार को 2023 का नया मानचित्र जारी किया है। ट्वीट पर ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि यह नक्शा चीन और दुनिया के विभिन्न देशों की राष्ट्रीय सीमाओं की ड्राइंग पद्धति के आधार पर संकलित किया गया है। ग्लोबल टाइम्स द्वारा जारी मानचित्र में अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चीन को भी अपने क्षेत्र में दर्शाया है। बता दें, चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा मानता है। हालांकि, भारत ने चीन के इस मानचित्र को खारिज किया है। भारत का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और भविष्य में भी यह भारत का ही अविभाज्य हिस्सा रहेगा। वहीं, चीन ताइवान को भी अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का उद्देश्य है कि वे ताइवान का एकीकरण करें। इसके लिए चीन वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया, ब्रुनेई और दक्षिण चीन सागर पर भी अपना दावा करता हैं।

## कैलिफ़ोर्निया बना जाति-विरोधी भेदभाव विधेयक पारित करने वाला पहला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के 'कैलिफोर्निया स्टेट असेम्बली' ने जातिगत भेदभाव विरोधी एक विधेयक पारित किया है, जिसमें जाति संबंधी भेदभाव को दूर करने और राज्य में हाशिए पर रह रहे समुदायों की रक्षा करने की बात की गई है. यह विधेयक सोमवार को विधानसभा से पारित किया गया।अब इसे कानून बनाने के लिए गवर्नर गेविन न्यूसोम के हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है, जिससे अमेरिका का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य कैलिफोर्निया जाति-आधारित पूर्वाग्रह को खत्म करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। पीटीआई न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, कैलिफ़ोर्निया विधानसभा



की तरफ से पारित इस विधेयक का मकसद जाति संबंधी भेदभाव को दूर करना और राज्य में हाशिए पर रह रहे समुदायों की रक्षा करना है।बता दें कि इस विधेयक को राज्य की सीनेटर आयशा वहाब ने पेश किया था और इसे देश के कई जातिगत समानता नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं और संगठनों का समर्थन मिला था। विधेयक पारित किये जाने के बाद आयशा वहाब ने ङ्क (पहले ट्विटर हुआ करता था) पर पोस्ट करते हुए लिखा कि आज समर्थन में मतदान करने वाले सभी विधानसभा सदस्यों को धन्यवाद. बता दें कि 'कैलिफोर्निया स्टेट असेम्बली' में यह विधेयक पारित किये जाने के बाद एक तरफ जहां जश्न का माहौल है, वहीं कुछ लोग इसको लेकर अपनी नाराजगी भी जाहिर कर रहे हैं। उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) ने इसे कैलिफोर्निया के इतिहास में एक काला दिन बताया है। सीओएचएनए ने एक बयान में कहा कि विशेष रूप से हिंदू अमेरिकियों को लक्षित करने के लिए इसे तैयार किया गया है।

## ईरान में तीर्थयात्रियों से भरी बस हादसे का शिकार, 9 लोगों की मौत

**तेहरान, एजेंसी।**

रॉयटर्स के रिपोर्ट के मुताबिक तीर्थयात्रियों से भरी बस पवित्र शिया मुस्लिम शहर कर्बला की ओर जा रही थी. रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से जानकारी दी कि बस और ट्रक के बीच में हुई टक्कर में लगभग 31 लोग घायल हो चुके हैं, जिनमें से 5 की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है.

### कर्बला शहर शिया मुस्लिम के लिए सबसे पवित्र जगह

ईरान में जिस पवित्र स्थान पर जाते वक्त बस हादसे का शिकार हुई वो शहर कर्बला थी. बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक कर्बला शहर शिया मुस्लिम के लिए सबसे पवित्र जगह मानी जाती है. ये शहर बगदाद से 88 किलोमीटर दूर स्थित है. मक्का के बाद कर्बला इस्लाम धर्म के लिए सबसे पवित्र जगह है. कर्बला में 680 ईस्वी के दौरान शिया और सुन्नी के बीच लड़ाई हुई थी, जिसे कर्बला की लड़ाई भी कहा जाता है. इस जगह पर इमाम हुसैन का मजार है, जो शिया मुस्लिमों के लिए पवित्र धर्मस्थल माना जाता है. वहीं ्रस्नक्क की एक रिपोर्ट के




मुताबिक बीते 25 अगस्त को ईरान में पर्वतारोहियों को ले जा रही एक मिनी बस खड्ड में गिर गई थी. इस हादसे में कुल 10 लोगों की मौत हो गई थी. ईरान की सरकारी न्यूज मीडिया के मुताबिक इमरजेंसी सर्विस के प्रवक्ता वाहिद शादिनिया ने जानकारी देते हुए कहा था कि दुर्घटना शुक्रवार (25 अगस्त) को पूर्वी अजरबैजान प्रांत के वरजाघन शहर के पास हुई थी।

ईरानी अधिकारियों ने बताया कि हादसे का शिकार हुई मिनीबस पहाड़ी क्षेत्र से गुजरकर टूरिस्ट प्लेस की तरफ जा रही थी, तभी अचानक किसी कारणवश बस पलटकर खाई में गिर गई। शादिनिया ने बताया कि हादसे में ड्राइवर सहित दस लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि अगर लोगों ने सीट बेल्ट बांधी होती तो मरने वालों के संख्या कम होती।

### ईरान की ट्रैफिक व्यवस्था बेहद खराब

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनिया भर में ईरान की ट्रैफिक व्यवस्था बेहद खराब मानी जाती है। यहां हर साल लगभग 20 हजार लोग सड़क दुर्घटना में मरे जाते हैं। इसके पीछे खराब ड्राइविंग और सड़कों का खराब रखरखाव भी जिम्मेदार माना जाती है।

## भारतीय मूल के डॉक्टर ने कोविड-19 राहत राशि से चुराए पांच लाख डॉलर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**

अमेरिका में एक भारतीय मूल के दंत चिकित्सक को दो साल तक कोविड-19 राहत राशि के रूप में पांच लाख डॉलर चुराने का दोषी ठहराया गया है। उसने इस धन को निवेश जैसे अनुचित निजी खर्चों के लिए इस्तेमाल किया। न्याय विभाग के एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।



कैलिफोर्निया में दंत चिकित्सा का अभ्यास करने वाले रंजन राजबंशी (46 वर्षीय) ने अप्रैल 2020 से फरवरी 2022 तक लघु व्यवसाय प्रशासन (एसबीए) और अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) से आठ लाख पचास हजार डॉलर की राशि हासिल की। उसे कोविड-19 के लिए सुरक्षात्मक उपकरण जैसे विशिष्ट व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए यह राशि मिली थी।

न्याय विभाग ने कहा कि राजबंशी ने राहत राशि में से 500,000 डॉलर का इस्तेमाल निवेश जैसे अनुचित निजी खर्चों के लिए करने का अपराध स्वीकार कर लिया। सजा सुनाए जाने से पहले वह सरकार को पैसा वापस देने के लिए तैयार हो गया। विभाग ने कहा कि संघीय जांच ब्यूरो, एसबीए महानिरीक्षक कार्यालय और एचएचएस महानिरीक्षक कार्यालय द्वारा जांच किए जाने के बाद यह मामला सामने आया।

राजबंशी को 10 साल की जेल और 250,000 डॉलर के जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। उसे चार दिसंबर को जिला न्यायाधीश द्वारा सजा सुनाई जानी है।

साल 2021 में फॉड एनफॉर्समेंट टास्क फोर्स स्थापित किया गया था। यह कोविड-19 के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोषियों की जांच और उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के प्रयासों को मजबूत करता है। यह महामारी से संबंधित धोखाधड़ी के मामलों से निपटने और उन्हें रोकने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए स्थापित किया गया था। यह राहत कार्यक्रमों को चलाने वाली एजेंसियों की सहायता करता है।

## कांवड़ियों की पुलिस से जमकर नोकझोंक, चार घंटे लगा रहा जाम

**अमरोहा, एजेंसी।** ब्रजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों के साथ मामूली बात पर पुलिसकर्मी से नोकझोंक हो गई। इससे नाराज शिवभक्तों ने रविवार शाम करीब छह बजे हसनपुर-संभल मार्ग पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने कांस्टेबल पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाते हुए उसे बर्खास्त करने की मांग की। मामला बिगड़ता देख सीओ श्वेताभ भास्कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने शिवभक्तों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद एएसपी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर शिवभक्तों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन कांवड़यि सिपाही को बर्खास्त करने की मांग पर अड़े रहे।



वहीं सिपाही के निलंबन का लिखित आश्वासन मिलने के बाद रात करीब 10-30 कावंड़ियों ने जाम खोल दिया। सैदनगली निवासी पंचू अग्रवाल के नेतृत्व में शिवभक्तों का जत्था शनिवार रात को ब्रजघाट से कांवड़ लेने के लिए सैदनगली से रवाना हुआ था। रविवार सुबह ब्रजघाट में गंगाजल लेकर सैकड़ों की संख्या में शिवभक्तों का जत्था जल लेकर सैदनगली के लिए रवाना हुआ। गजरौला और हसनपुर होते हुए शिवभक्त शाम करीब छह बजे कस्बा उझारी पहुंचे। यहां से सैदनगली के दूरी केवल छह किलोमीटर ही बची थी।

उझारी में डीजे पर शिवभक्त थिरकते हुए चल रहे थे। इसी बीच रास्ते पर सही से चलने को लेकर एक सिपाही ने शिवभक्त से कुछ कह दिया, जिसको लेकर कांवड़यि व कांस्टेबल में नोकझोंक हो गई। कावड़ियों का आरोप है कि कांस्टेबल ने शिवभक्त को थप्पड़ मारा। जिससे नाराज शिवभक्तों ने संभल मार्ग परजाम लगा दिया। शिवभक्त पंचू अग्रवाल का कहना है कि जब तक कांस्टेबल को बर्खास्त नहीं किया जाएगा। तब तक वे यहां से उठने वाले नहीं हैं। कांस्टेबल पर बंदूक तानने का भी आरोप लगाया।

## विमान सेवाएं ठप होने से मची अफरा-तफरी

**ब्रिटेन, एजेंसी।**

पूरे ब्रिटेन में हवाई यातायात सेवा में तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य पर पहुंचने लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे हवाईअड्डों पर अफरा-तफरी मची हुई है। सैकड़ों उड़ानें गंभीर रूप से बाधित हुई हैं और हजारों यात्री फंसे हुए हैं। इसको लेकर ब्रिटेन सरकार ने मंगलवार को कहा कि तकनीकी मुद्दा तो हल हो गया है, लेकिन उड़ानें प्रभावित होती रहेंगी क्योंकि एयरलाइंस अपने शेड्यूल पर फंसे हुए यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों में समायोजित करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सोमवार सुबह ब्रिटेन के हवाई यातायात नियंत्रण कंप्यूटर सिस्टम में नेटवर्क-व्यापी गड़बड़ी हुई थी। जिसके कारण सैकड़ों उड़ानों को रद्द करना पड़ा। सोशल मीडिया पर आशंका जताई गई थी कि ब्रिटेन की यातायात सेवा पर साइबर अटैक हुआ है।



ऐसी खबरों को ब्रिटेन सरकार में मंत्री मार्क हार्पर ने सिरे से खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा कि सोमवार को हुई इस हवाई यातायात नियंत्रण की गड़बड़ी के पीछे साइबर अटैक नहीं था। हार्पर ने बताया कि लगभग एक दशक से इस पैमाने पर कुछ नहीं हुआ है, आमतौर पर सिस्टम बहुत अच्छा काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे तकनीकी विशेषज्ञों ने इसे देखा है और यह स्पष्ट है कि यह कोई साइबर सुरक्षा घटना नहीं थी। मंत्री ने कहा कि जो कुछ हुआ उसकी स्वतंत्र समीक्षा होगी और आने वाले दिनों में एक रिपोर्ट आने की उम्मीद है। आगे बोले कि सिस्टम को सोमवार दोपहर को ठीक कर लिया गया था और चीजें सामान्य हो रही हैं, लेकिन जाहिर तौर पर कुछ व्यवधान है जो लोगों के लिए आज भी जारी रहेगा और मुझे पता है कि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। साथ ही कहा कि उम्मीद है कि एयरलाइंस अपनी जिम्मेदारियों के प्रति आगे बढ़ेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि वे लोगों को उनके गंतव्य तक ले जाएं, उन्हें वैकल्पिक उड़ान पर ले जाएं और इस बीच भोजन, पेय और आवास की व्यवस्था करें।

## हिजाब सही तरीके से नहीं पहनने पर अध्यापक ने 14 लड़कियों को गंजा किया

**जकार्ता, एजेंसी।**

छात्राओं के हिजाब ठीक ढंग से ना पहनने के कारण एक अध्यापक द्वारा छात्राओं को आधा गंजा करने का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। घटना इंडोनेशिया की है। घटना को लेकर इंडोनेशिया में हंगामा हो गया है और इसे धार्मिक असहिष्णुता से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं हंगामे के बाद आरोपी अध्यापक को नौकरी से निकाल दिया गया है और स्कूल की तरफ से पीड़ित लड़कियों के परिजनों से माफी भी मांगी गई है।

खबर के अनुसार, घटना इंडोनेशिया के पूर्वी जावा द्वीप के लामोंगान शहर की है। यहां के एक सरकारी स्कूल में बीते बुधवार को एक अध्यापक ने सिर्फ इस बात पर 14 लड़कियों



को आधा गंजा कर दिया क्योंकि उन्होंने हिजाब सही ढंग से नहीं पहना हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीड़ित लड़कियों ने हिजाब के नीचे पहने जाने वाले कैप को नहीं पहना हुआ था, जिसकी वजह से उनके बाल दिख रहे थे। इसी बात से नाराज होकर अध्यापक ने यह कदम उठाया। घटना के बाद हंगामा हुआ तो स्कूल ने आरोपी अध्यापक को निलंबित कर दिया है। साथ ही पीड़ित परिजनों से माफी मांगी है। स्कूल के प्रधान अध्यापक ने बताया कि स्कूल में हिजाब पहनना अनिवार्य नहीं है लेकिन छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वह हिजाब के नीचे पहने जाने वाले कैप को पहने ताकि वह साफ-सुथरी लगें। स्कूल ने पूरी घटना पर माफी मांगी है। साथ ही पीड़ित छात्राओं की काउंसिलिंग भी कराई जाएगी ताकि वह इस घटना से मानसिक रूप से उबर सकें। बता दें कि इंडोनेशिया में इस्लाम सबसे बड़ा धर्म है और समय के साथ वहां रूढिवादिता बढ़ रही है। यही वजह है कि मुस्लिम बहुल इलाकों में स्कूलों में छात्राओं के ड्रेस कोड में हिजाब को अनिवार्य कर दिया गया है। खास बात ये है कि यह नियम सभी धर्म की छात्राओं पर लागू है।

## पाकिस्तानी रुपये के मुकाबले डॉलर पहुंचा रिकॉर्ड स्तर पर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**

इस वक्त पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खराब है. देश हर मोर्चे पर कमजोर दिख रहा है. पाकिस्तान की सरकार लगातार कोशिश में जुटी हुई है कि किसी भी तरह से देश की स्थिति को संभाला जाए।हालांकि, अब तक ऐसे कोई परिणाम निकल कर सामने नहीं आए हैं, जिसके आधार पर ये कहा जा सके कि स्थिति में सुधार आया है।इन्हीं सब के बीच पाकिस्तानी रुपये की हालत भी दिन-ब-दिन कमजोर हो रही है।आज यानी मंगलवार (29 अगस्त) को पाकिस्तानी मार्केट में डॉलर के रेट में भारी गिरावट देखने को मिली है.

पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट समा टीवी के मुताबिक पिछले मात्र 2 हफ्तों के दौरान डॉलर पाकिस्तानी रुपये के मुकाबले 20 रुपये की बढ़ी है।आपको बता दें कि जब से पाकिस्तान में



आर्थिक स्थिति खराब होनी शुरू हुई, तब से डॉलर के रेट में रुपये के मुकाबले आसमान जमीन का फर्क आया है।अभी पाकिस्तान में 1 डॉलर की कीमत 316 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है.

पाकिस्तानी कारोबार सप्ताह के दूसरे दिन इंटरबैंक और खुले बाजारों दोनों में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है।पाकिस्तान के ओपेन मार्केट में 1 डॉलर की कीमत 316 रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर बना हुआ है।अब सवाल है कि डॉलर की कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी का पाकिस्तानी विदेशी मुद्रा भंडार पर क्या असर पड़ सकता है?आपको बता दें कि डॉलर एक विदेशी मुद्रा है, जिसका इस्तेमाल इंटरनेशनल मार्केट में इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट में किया जाता है।वहीं अगर डॉलर की कीमत किसी देश में बढ़ती है तो उस देश को पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे अपने विदेशी मुद्रा भंडार से खर्च करने पड़ जाते हैं.

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई के महीने में ढ्ढरूस्न के तरफ लोन मिलने के बाद उसका विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले 9 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।इस दौरान ढ्ढरूस्न के अलावा ्श्व और सऊदी अरब ने भी लोन दी, जिसकी वजह से पाकिस्तान की विदेशी मुद्रा भंडार 3 अरब डॉलर से बढ़कर 8.76 अरब डॉलर पहुंच गया।पिछले महीने ही पाकिस्तान को कुल 4.2 अरब डॉलर की सहायता प्राप्त हुई थी।

# इमरान खान को तोशखाना मामले में मिली राहत

## इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने दिए रिहाई के आदेश

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशखाना भ्रष्टाचार के मामले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए उनकी सजा पर रोक लगा दी है. पाकिस्तानी के इस्लामाबाद हाई कोर्ट में इमरान खान के पक्ष में मंगलवार (29 अगस्त) फैसला सुनाया और रिहाई के आदेश दे दिए हैं। इमरान खान पर आरोप था कि उन्होंने सस्ते दामों में सरकारी गिफ्ट को खरीदा था और उसके बाद उन्ही गिफ्ट का महंगे दामों में बेच दिया था। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारुक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की बेंच ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित



रख लिया था, जिसके बाद जजों के बेंच ने कहा था कि फैसला मंगलवार 11 बजे सुनाया जाएगा। इससे पहले दिन में हाई कोर्ट ने उस अपील की सुनवाई फिर से शुरू की, जो उसने 22 अगस्त से कोर्ट में सुनी जा रही थी। इससे पहले पाकिस्तान निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अमजद परवेज बीमार होने की वजह से अदालत में पेश नहीं हो पाए थे। इसकी वजह से शुक्रवार (25 अगस्त) को सुनवाई स्थगित कर दी थी।

इमरान खान के वकील लतीफ खोसा ने उनकी दोषसिद्धि के खिलाफ अपनी बहस बीते गुरुवार (24 अगस्त) को पूरी कर ली थी और कहा था कि यह फैसला बहुत जल्दबाजी में दिया गया है और खामियों से भरा हुआ है। उन्होंने कोर्ट से फैसले को रद्द करने का आग्रह किया था, लेकिन बचाव पक्ष ने अपनी बहस को पूरी करने के लिए और समय दिए जाने की मांग की थी।

### हाई कोर्ट के खामियों को सामने लाने की बात

कई लोगों का मानना था कि 70 वर्षीय इमरान खान को दोषी ठहराने वाले फैसले में हाई कोर्ट के खामियों को सामने लाए जाने के बाद अब पूर्व प्रधानमंत्री के पक्ष में फैसला आ सकता है। इस फैसले से पहले जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार बलूचिस्तान हाई कोर्ट ने इमरान खान के खिलाफ दर्ज एक अन्य प्राथमिकी रद्द कर दी। एक भाषण के दौरान सरकारी संस्थानों और उनके अधिकारियों के खिलाफ टिप्पणी करने को लेकर यह मामला दर्ज किया गया था।

बलूचिस्तान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नईम अख्तर अफगान और न्यायमूर्ति गुल हसन तरीन की सदस्यता वाली दो सदस्यीय पीठ ने इंसाफ लॉयर्स फोरम के इकबाल शाह के तरफ से दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के ओर से इमरान खान के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट भी खारिज कर दिया।

### कोर्ट ने मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रखा

डॉन समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, निर्वाचन आयोग के वकील अमजद परवेज ने हाई कोर्ट से मामले में सरकार को प्रतिवादी बनाने के लिए नोटिस जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कानून ने इसे आवश्यक बना दिया है।

परवेज ने जब अपनी दलील समाप्त की तब इमरान खान के वकील खोसा ने कहा कि उन्हें सरकार को नोटिस जारी करने की आयोग की याचिका पर कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री ने वर्चुअली जिले के 531 बेरोजगारी भत्ता हितग्राहियों को पांचवी किश्त में वितरित किए 13 लाख 27 हजार 500 रूपये





**दंतेवाड़ा( भारत भास्कर )** 31 अगस्त 2023। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से अपने निवास कार्यालय रायपुर से बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को भत्ते की पांचवी किस्त वितरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जिले के 531 हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता के रूप में 2500 रूपये की दर से 1327500 लाख रूपये प्रदान किये। जिस पर कार्यक्रम में आये हितग्राहियों ने हर्ष जाहिर की एवं मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्राप्त भत्ते को अपने विकास एवं उत्थान हेतु प्रयोग करने हेतु कहा। ज्ञात हो कि पांच किस्तों में जिले के हितग्राहियों को अब तक 57 लाख रूपये वितरित किये जा चुके है। इस कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द ठाकुर, एसडीएम शिवनाथ बघेल, रोजगार अधिकारी अमित वर्मा के द्वारा योजना के पात्र हितग्राहियों के साथ शामिल हुए प्लेसमेंट से चयनित हितग्राही प्रमिला भोगामी को ऑफिस असिस्टेंट का नियुक्ति पत्र तथा श्रीमति सोनल राय को आईटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर का नियुक्ति पत्र जिला कार्यालय में प्रदान किया गया ।

### पशुपालक जागरुकता अभियान के तहत् लखनपुरी में हुई बैठक

**अशोक जैन की क़लम से**



**कांकेर :-** राज्य शासन एवं कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गो पर धुमन्तु पशुओं के विचरण के नियंत्रण हेतु पशुधन विकास विभाग कांकेर द्वारा पशुपालक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पशुपालक जागरूकता अभियान के तहत् पशुधन विकास विभाग द्वारा चारामा विकासखण्ड के ग्राम लखनपुरी में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सड़कों पर घुमन्तु पशुओं के नियंत्रण हेतु ग्राम स्तर पर पशु नियंत्रण में आने वाली कठिनाई एवं समाधान पर चर्चा की गई एवं नियंत्रण के लिए पशुधन विभाग के उप संचालक, डॉ. सत्यम मित्रा द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिये गये तथा सड़क पर घुमंतु पशुओं को अस्थाई रुप से रखने हेतु ग्राम गौठान लखनपुरी का चयन किया गया। उक्त बैठक में सरपंच गण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, गौठान समिति के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं पशुपालक तथा पशुधन विकास विभाग के मैदानी अमला उपस्थित थे।

### स्वर्णकार महिलाओं ने पूर्व सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधकर बनाया रक्षा बंधन का पर्व

**महासमुंद।** रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर बुधवार को शहर से लगे ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में छत्तीसगढ़ स्वर्णकार महिला मंडल की महिलाओं ने भूतपूर्व सैनिकों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने बताया कि ।राखी भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उपहार है, राखी के साधारण धागे भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है। एक भाई का अपनी बहन के प्रति रक्षा की प्रतिबद्धता ही रक्षाबंधन के त्यौहार का मूल स्वरूप है। सिपाही सरहद में विपरीत परिस्थितियों में डटकर पूरे देश की रक्षा करते हैं उनकी इस निष्ठा और कर्तव्य परायणता के हम सदा आभारी रहेंगे। इसी भाव के साथ स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने पूर्व सैनिकों के साथ श्रद्धा पूर्वक रक्षाबंधन पर्व को मनाया। शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित कर एवं दीप जलाकर उन शहीदों को नमन किया जिन्होंने भारत देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहूति दी। पश्चात सभी पूर्व सैनिक भाइयों के माथे में अक्षत-कुमकुम का तिलक लगाकर उन कलाइयों में रक्षा सूत्र बांदा गया।

राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की टीम द्वारा की जायेगी संयुक्त निरीक्षण

# नरहरपुर में हुई किसानों एवं अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

**अशोक जैन रिपोर्ट**




**कांकेर।** अल्पवर्षा के कारण फसल क्षति एवं सूखे की संभावना पर जनपद पंचायत नरहरपुर के सभागार में आज बैठक आयोजित की गई, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर मनीष साहू द्वारा ग्रामवार फसल क्षति एवं सूखे की स्थिति वाले ग्रामों की सूची तैयार कर सूखा सर्वे का कार्य राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से करने तथा एक सप्ताह के भीतर अवगत कराने कहा गया। कृषि विभाग के उप संचालक नरेंद्र कुमार नागेश ने धान खरीदी में किसानों के नॉमिनी फॉर्म भरने की जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए इस वर्ष कृषकों को नॉमिनी फॉर्म भरना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ग्राम स्तर पर इस सम्बंध में कोटवार एवं किसान मित्रों के माध्यम से मुनादी करवा कर कृषकों के माध्यम से नॉमिनी फॉर्म लैम्पस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। बीज की माँग तथा कोदो कुटकी रागी एवं मक्का फसल की सूची तैयार कर गिरदावरी के लिए कृषक सूची पटवारी को देने पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। क्षेत्र में लो-वोल्टेज और विद्युत की समस्या से विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता सतीश कुमार किंडो को अवगत कराया गया। अधिकारियों ने ग्राम ढोढरापहर में अल्प वर्षा से फसल क्षति का निरीक्षण भी किया। बैठक सहायक संचालक कृषि जितेंद्र कुमार कोमरा, तहसीलदार नरहरपुर सुधीर खलखो, जनपद सीईओ नरहरपुर पी. के. गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर दिनेश कुमार कुंजाम, कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर श्री एल. एन. नेताम, कृषि स्थायी समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा किसान भाई उपस्थित थे।

## सुरक्षा स्नेह मिलन: रक्षा बंधन के जश्न मैं उपस्थित रहे सभी पुलिस अधिकारी





**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )** आज रक्षाबंधन के मौक़े पर पूरे देश भर में भाइयों की कलाई पर बहनों द्वारा राखी बांधी जा रही है।भाई अपनी बहन को सुरक्षा का वचन दे रहे हैं और बहनें भी अपने भाई की सुरक्षा की कामना कर रही हैं। रक्षाबन्धन के इस मौक़े पर आज पुलिस लाइन कारली दंतेवाड़ा में सुरक्षा स्नेह मिलन कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। ज़िले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं पुलिस अन्य सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कलाई पर दंतेश्वरी फ़ाइटर्स एवं बस्तर फ़ाइटर्स के महिला बल द्वारा राखी बांधी गई ।

ग़ौरतलब है कि दंतेश्वरी फ़ाइटर्स की टीम में आत्मसमर्पित महिला नक्सली शामिल हैं जो समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर अब खुशहाल जीवन जी रही हैं और पुलिस बल में शामिल होकर नक्सल उन्मूलन कर शांति बहाल करने हेतु अपना योगदान दे रही हैं। इस सुअवसर पर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सभी अधिकारियों द्वारा सभी बहनों को आशीर्वाद दिया गया और बेहतर काम करने के लिए शुभकामनाएँ दी गई ।

## तहसील को सुखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करे सरकार-मुकेश संचेती

**अशोक जैन कि कलम से**



**कांकेर।** नरहरपुर- इस वर्ष नरहरपुर क्षेत्र में अल्प वर्षा ने किसानों व आम जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है वही कृषि कार्य को लेकर किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है इसी कड़ी में आज भाजपा मंडल नरहरपुर द्वा अकाल की स्थिति निर्मित होता देख नरहरपुर तहसील क्षेत्र को सुखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की माँग को लेकर बस स्टैंड से रैली निकाल तहसील कार्यालय पहुँच कलेक्टर कांकेर के नाम तहसील कार्यालय में श्री देशमुख जी को ज्ञापन सौपा गया साथ ही इस माँग को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने बताया की किसानी का समय चल रहा और नरहरपुर क्षेत्र में इस वर्ष अल्प वर्षा होने के चलते फसल नहीं के बराबर हो गया है वही खेतों मे दरारें पड़नी शुरू हो गई है चूँकि नरहरपुर तहसील क्षेत्र कृषि आश्रित क्षेत्र है जहां कृषि ही एकमात्र आय का साधन है और इस क्षेत्र में सिंचाई की कोई अन्य सुविधा व साधन नहीं होने के कारण कृषि कार्य मानसून पर निर्भर रहता है साथ ही क्षेत्र में विघुत कटौती व लो वोल्टेज के चलते मोटर पंप भी नहीं चल पा रहा वरना कुछ हद तक किसानों को राहत मिल जाता पर वह भी नही है साथ ही डूमरपानी डेम से पानी छोड़ने पर कुछ क्षेत्र के किसानों को राहत मिलता जिसे लेकर क्षेत्र के किसानों ने कई बार शासन प्रशासन को आवेदन दिया पर कोई सुनवाई नहीं हुई जिसे लेकर क्षेत्र के किसानों में असंतोष व्याप्त है और मौसम को देखते हुए लग रहा अब अकाल की स्थिति निर्मित हो गई है और किसानों को भारी नुक़सान उठाना पड़ सकता है इस आपदा को ध्यान में रखते हुए आज भाजपा मंडल नरहरपुर द्वा नरहरपुर तहसील क्षेत्र को सुखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की माँग की गई तथा कलेक्टर कांकेर के नाम तहसील कार्यालय नरहरपुर में ज्ञापन सौंपा गया है साथ ही एक सप्ताह के भीतर शासन प्रशासन इस माँग को लेकर उचित कार्रवाई नहीं करेगा तो भारतीय जनता पार्टी क्षेत्र के किसानों के साथ व्यापक आंदोलन करने का निर्णय भी सभी ने लिया है इस माँग को लेकर ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रूप से पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य संजय जूरी मंडल महामंत्री धनेश कौशिक संतोष भास्कर उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू उपाध्यक्ष नारायण सिन्हा सह कोषाध्यक्ष हेमंत साहू युवा मोर्चा के पूर्व ज़िला मंत्री विजयेंद्र शुक्ला राजकुमार कुंजाम महराजी जैन अयोध्या सिन्हा रामकिशोर सेन कमलेश्वर साहू सच्चू साहू प्रमोद निर्मलकर तुलाराम साहू छबीलाल कुंजाम गोकुल विश्वकर्मा राजेश्वरी यादव पाचू राम शोरी ललित कोराम राजकुमार शोरी भरत सिंह वटी हरिश साहू तिजू राम उईके नवल कोराम देवनाथ राम जेठू राम कुरालठेमली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे!

## इको फ्रेंडली राखियों से मनाया गया लोकतंत्र का रक्षाबंधन



**अशोक जैन रिपोर्ट**

**कांकेर -** नए मतदाताओं का जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है या जिनका इपिक कार्ड नहीं बना है, ऐसे मतदाताओं को जिले के बीएलओ ने रक्षाबंधन के अवसर पर आज धान, बीज, फूल, मिलेट इत्यादि से बने स्वीप संदेश युक्त इको फ्रेंडली राखियां बांध कर रक्षाबंधन का पर्व मनाया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अनुरोध किया। स्वीप इको फ्रेंडली राखी बांध कर बीएलओ ने समस्त मतदाताओं से अपील किया कि मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जुड़वाए तथा मतदान जरूर करें, इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा।

## लोन वर्राटू'' में 01 माओवादी ने चुना शांति का पथ

**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् जिला दंतेवाड़ा के विभिन्न ग्रामों के व्यक्ति जो प्रतिबंधित नक्सली संगठन में सक्रिय है उन्हें आत्मसमर्पण कर सम्मान पूर्वक जीवन यापन करने के लिए थाना/कैम्पों एवं ग्राम पंचायतों में संबधित क्षेत्र के सक्रिय माओवादियों के नाम चस्पा कर लोन वर्राटू (घर वापस आईये) अभियान चलाया जा रहा है एवं उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप दन्तेवाड़ा रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ हरजिन्दर सिंह जगदलपुर रेंज, एवं पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय के द्वारा नक्सली संगठन में सक्रिय माओवादियों से आत्मसमर्पण कर सम्मान पूर्वक जीवन यापन करने के लिए लगातार आह्वान कर अपील किये जाने पर कटेकल्याण एरिया कमेटी अन्तर्गत मार्जूम पंचायत डीएकेएमएस सदस्य पाण्डू पोड़ियामी पिता स्व0 आयतु पोड़ियामी उम्र लगभग 35 वर्ष जाति माड़िया निवासी मार्जूम हुर्रापारा थाना कटेकल्याण जिला




दन्तेवाड़ा ने माओवादी संगठन के खोखली विचारधारा से तंग आकर लोन वर्राटू (घर वापस आईये अभियान) एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास योजना से प्रभावित होकर समाज के मुख्यधारा से जुड़कर विकास में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त करते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप दन्तेवाड़ा रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ श्री हरजिन्दर सिंह जगदलपुर रेंज, पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय

पदमा कुमार ए0 कमाण्डेंट 241 बस्तरिया बटालियन, श्रीकुमार बारा द्वितीय कमान अधिकारी (परि0) 241 बस्तरिया बटालियन सीआरपीएफ रेंज जगदलपुर एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा राम कुमार बर्मन के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण कराने में 241बस्तरिया बटालियन आसूचना शाखा का विशेष योगदान रहा। लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 161 ईनामी माओवादी सहित कुल 631 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

# कांकेर विधानसभा में भाजपा के पक्ष माहौल:- यशवंत सुरोजिया

**अशोक जैन रिपोर्ट**



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी सरोना मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया मंडल महामंत्री टेकेशवर सिन्हा भाजपा नेता जीवन नेताम संजू गोपाल साहू ने कांकेर विधानसभा में चुनाव हेतु सरोना मंडल के गांव गांव में पहुंचकर ग्रामीण एवं मतदाताओं से मिलकर एवं बैठक लेकर भाजपा प्रत्याशी आसाराम नेताम के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं? इसी सिलसिले में सरोना मंडल के अंतर्गत चोरिया दलदली सरोना कोटलभटी दुधावा में भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी आसाराम नेताम को कांकेर विधानसभा में चुनाव जीताने के लिए सरोना भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोलिया ने ग्रामीणों भाजपा कार्यकर्ता से कहां की

भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी आसाराम नेताम को कांकेर विधानसभा का भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने से पूरे विधानसभा के कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। उन्होंने कहा कि मैं सरोना मंडल के अंतर्गत जहां-जहां भी बैठक ले रहा हूं अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं बैठक में सम्मिलित हो रहे हैं भाजपा की विचारधारा में प्रभावित होकर सैकड़ो लोगो ने भाजपा प्रवेश किया है जिसमें सेवानिवृत अधिकारी से लेकर आम जनता भी शामिल है उन्होंने कहा कि कांकेर विधानसभा अंतर्गत आने वाले मंडलों में भाजपा प्रत्याशी आसाराम को आम जनता का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है भाजपा के कार्यकर्ता कांकेर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी आसाराम नेताम की जीत को लेकर अश्रस्त है चुनाव पूर्व प्रत्याशी को घोषणा से पूरे विधानसभा में भाजपा के पक्ष में माहौल बन गया है भारतीय जनता पार्टी ने एक आम गरीब किसान को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसमें विधानसभा के आम नागरिक किसान मजदूर बूढ़ा लोग भी भाजपा प्रत्याशी आसाराम नेताम मे अपने आपको प्रत्याशी के रूप में देख रहे हैं और आसाराम नेताम से अपना जुड़ाव महसूस कर आसाराम को जीत का आशीर्वाद दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर। कविलाश नगर भनपुरी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोमनाथ योगी 27 वर्ष कविलाश नगर भनपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमपी 2288 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर। ग्राम कोडापार में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर रॉड से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील कुमार जांगड़े 34 वर्ष ग्राम कोडापार का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी उत्तरा कुमार बर्मन में पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सवारी बिठाने के नाम पर दो पक्ष भिड़े

रायपुर। माना विमानतल के गेट नंबर 1 के पास ऑटो में सवारी बिठाने के नाम पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर माना पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया कुमारी ऐश्वर्या तारक 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया प्रीति वर्मा व अंजु वर्मा ने यात्री बिठाने के नाम पर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया प्रीति बरमन 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया ऐश्वर्य तारक एवं पूजा यादव ने यात्री बिठाने के नाम पर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर माना पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नशेड़ियों के खिलाफ अभियान सरेआम शराब पीते 14 पकड़ाए

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने एक्सप्रेस वे ओव्हरब्रीज के नीचे तेलीबांधा में सरेआम शराब पीते आरोपी रितेश सिंह 35 वर्ष व आदित्य दुबे 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी बहादुर साहू 45 वर्ष व टिकेश्वर साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी रोशन यादव 27 वर्ष व नारायण देवांगन 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी हैदर खान 35 वर्ष व कमलेश साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी गोलू साहनी 38 वर्ष व सुभाष पांडे 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी राजेश ध्रुव 40 वर्ष, आरंग पुलिस ने आरोपी रामलाल रात्रे 36 वर्ष व मनीष कुमार ढीढी 30 वर्ष तथा माना पुलिस ने आरोपी बाबू सरकार 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### रायपुर के ऑटो चालक ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

रायपुर। रायपुर के ऑटो चालक ने ईमानदारी की मिशाल पेश की है. जानकारी के मुताबिक 26.08.2023 को चेतन निर्मलकर निवासी आदर्शनगर मठपारा थाना टिकरापारा रायपुर अपनी नानी के घर टेकारी विधानसभा जाने हेतु घड़ी चौक में एक आटो में सवार हुआ जो अपने पास एक बैग भी रखा था जिसमें सोने चांदी के जेवरात सहित अन्य सामग्री थे। इसी दौरान चेतन निर्मलकर कचना मोड़ के पास आटो से उतर गया तथा बैग को आटो में ही भूल गया, जिसकी सूचना उसके द्वारा थाना विधानसभा में दी गई। आटो चालक ईरशाद अली निवासी बजरंग चौक मठपारा थाना टिकरापारा रायपुर द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए चेतन निर्मलकर के बैग को सामग्री सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट कार्यालय में लाकर जमा किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा चेतन निर्मलकर को कार्यालय बुलाकर आटो चालक ईरशाद अली के हाथो उसके बैग को सामग्री सहित सकुशल वापस कराया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ाया 30 लाख रूपए का गांजा

रायपुर। जिले की सिघोड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से 30 लाख रुपये कीमत का 120 पैकेट गांजा जब्त किया है। तथा यूपी के एक युवक को गिरफ्तार किया है वहीं दूसरा आरोपी फरार हो गया। मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

# राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की अपेक्स कमेटी की बैठक सम्पन्न...

रायपुर/ संवाददाता



मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की अपेक्स कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य जल संसाधन उपयोग समिति के स्तर पर जल आरक्षण स्वीकृति के संबंध में अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। इसी तरह से राज्य जल स्वच्छता मिशन के कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की भी समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजनाओं के संधारण एवं संचालन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने जल-जीवन मिशन की भौतिक प्रगति के संबंध में बताया कि अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में 28 लाख 67 हजार 751 घरों में हर घर नल कनेक्शन प्रदाय किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य की सभी शालाओं, आंगनबाड़ी केंन्द्रों, ग्राम पंचायत भवन, स्वास्थ्य केन्द्रों और आश्रम शालाओं में रनिंग वाटर युक्त नल कनेक्शन प्रदाय किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि जल-जीवन मिशन के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 1794 करोड़ रूपए से अधिक व्यय किए जा चुके हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव श्री पी.अन्बलगन, वित्त विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, मिशन संचालक जल जीवन मिशन श्री आलोक कटियार सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन की शासी परिषद की बैठक सम्पन्न

मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी की शासी परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जलग्रहण क्षेत्र विकास कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इसी तरह से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जलग्रहण क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत सरोवर, पौधा रोपण, नरवा पोर्टल सहित अन्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 5463 कार्य संपादित किए गए। इन कार्यों में करीब 96 करोड़ 52 लाख रूपए व्यय किए गए।

# अवैध मदिरा के धारण, परिवहन एवं विक्रय पर करें कठोर कार्यवाही

- दो दिन में 191 व्यक्ति गिरफ्तार, सोलह लाख रूपए की 2340 लीटर मदिरा जब्त
- आबकारी विभाग के 31 चेकपोस्टों पर अवैध मदिरा परिवहन की सघन निगरानी

**रायपुर।** आबकारी आयुक्त श्री जनक प्रसाद पाठक ने आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर विशेष अभियान चलाकर विभागीय उड़नदस्तों और जिला अधिकारियों को अवैध मदिरा के धारण, परिवहन एवं विक्रय पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आबकारी विभाग के 31 चेकपोस्टों पर अवैध मदिरा परिवहन की सघन निगरानी रखने को कहा गया है। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद आबकारी विभाग में तेजी से कार्यवाही का सिलसिला शुरू हो गया है। आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के जांच चौकियों में सघन तलाशी अभियान और जांच की कार्यवाही की जा रही है। पिछले दो दिन 26 और 27 अगस्त को सघन कार्यवाही अभियान चलाकर अवैध रूप से मदिरा परिवहन व विक्रय करने वाले 191 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। इन प्रकरणों में 15 लाख 59 हजार 300 रूपए बाजार मूल्य की कुल 2340 लीटर मदिरा जब्त की गई। इस प्रकार 37230 किग्रा महुआ लाहन जब्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य 5 लाख 09 हजार 132 रूपए है। अभियान के दौरान 08 दोपहिया वाहन जब्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य रूपये 3 लाख 80 हजार रूपए है। अभियान के दौरान अन्य प्रांत की 83 लीटर मदिरा भी जब्त की गई हैं। आबकारी विभाग के आयुक्त श्री पाठक ने बताया कि राज्य के सीमावर्ती जिलों में स्थापित आबकारी विभाग के 31 चेकपोस्टों में अन्य राज्यों से अवैध शराब न आए इसलिए वाहनों की नियमित जांच-पड़ताल की जा रही है।

# अभी तक रायपुर जिले में डेंगू से एक भी मौत नहीं-प्रशासन

- 265 मरीजों का एलाईजा टेस्ट, केवल आठ पॉजिटिव, ईलाज जारी

रायपुर/ संवाददाता

रायपुर जिले में अभी तक डेंगू बुखार के कारण किसी मरीज की मृत्यु नही हुई है। प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग जिले में डेंगू को लेकर सजग और सतर्क है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अभी तक बुखार के 265 मरीजों का एलाईजा टेस्ट डेंगू की पुष्टि के लिए कराया जा चुका है जिसमें से केवल 08 मरीज ही डेंगू से संक्रमित मिले है। संक्रमितों का ईलाज विभिन्न अस्पतालों में तेजी से जारी हैं। स्वास्थ्य विभाग के मिली जानकारी के अनुसार जिस भी इलाके में बुखार के अधिक संख्या में मरीजों की सूचना मिल रही है, वहां शिविर लगा कर डेंगू की जांच और उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक किसी भी मरीज का निधन डेंगू से नही हुआ है। डेंगू से मौत के कथित दो मरीजों को बुखार आने पर ईलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। दोनों ही मरीजों का डेंगू की पुष्टि के लिए एलाईजा टेस्ट नहीं हुआ था। एक मरीज नारायणा अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती हुए थे। मरीज के फेफड़ों में संक्रमण और बैक्टीरियल इंफेक्शन था। हालत गंभीर होने पर अस्पताल द्वारा उचित ईलाज किया जा रहा था। ईलाज के दौरान ही मरीज की मृत्यु हुई। वहीं कुशालपुर निवासी अन्य मरीज को भाठागांव के दीवान अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। भर्ती कराने के चार दिन बाद ही मरीज के परिजन डॉक्टरों की सलाह बिना।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में केन्या के रक्षा मंत्रालय के कैबिनेट सचिव एडेन बेयर डुएले के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान।



भाजपा ने कांग्रेस पर कसा तंज

# प्रदेश में कांग्रेसी गुण्डों का आतंक है सांसद भी असुरक्षित : सुनील सोनी...

रायपुर/ संवाददाता



लोकसभा सांसद सुनील सोनी बिरगांव के एक शैक्षणिक संस्थान में आजादी के अमृत काल के अवसर पर चंद्रयान की सफलता और मतदाता जागरूकता हेतु को लेकर एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जहां वे चंद्रयान 3 की सफलता के विषय में विस्तृत चर्चा करने और मतदाताओं को जागरूक करने छात्र छात्राओं के बीच पहुंचे थे उपस्थित छात्र छात्राओं के समक्ष सांसद महोदय जब चंद्रयान की सफलता का विस्तार से वर्णन कर रहे थे उसी समय कांग्रेस के युवा नेता एवं छात्र इकाई के नेता सांसद सुनील सोनी के सामने काले झण्डे लेकर पहुंच गए एवं अचानक ही उन्होंने उग्रता अख्तियार करते हुए सांसद के साथ अभद्रता एवं गाली गलौच करते हुए धक्का मुक्की का प्रयास तक करने लगे वहां उपस्थित सांसद के सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह सुनील सोनी को कांग्रेसियों के प्रहार से बचाया , सांसद सुनील सोनी ने कहा कि हमने भी छात्र राजनीति एवं युवामोर्चा की राजनीति की है सैकड़ो बार कांग्रेस के नेताओ का विरोध भी किया मगर हमने हमेशा मर्यादा का ख्याल रखते हुए ही प्रदर्शन किया कभी ऐसी अभद्रता नही की किसी नेता के साथ मैने अपने राजनैतिक जीवन में ना कभी देखा ना कभी सुना की कोई राजनैतिक दल के कार्यकर्ता किसी सांसद के खिलाफ अचानक विरोध करते हुए पहुंचे हो वो भी तब जब सांसद राष्ट्रीय गौरव चंद्रयान जैसे मिशन की सफलता पर परिचर्चा करने छात्र , छात्राओं के बीच पहुंचे।

## महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधिक घटनाओं पर चिंता जाहिर कर की जमकर नारेबाजी

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ महिला विंग ने ईदगाह भाठा मैदान से सप्रे शाला मैदान तक रैली निकालकर महिलाओं के साथ लैंगिक हिंसा के विरुद्ध अपना रोष दर्ज कराया. महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष दुर्गा झा और जिलाध्यक्ष कलावती मार्को के नेतृत्व में निकाली गई रैली में प्रदेश भर से आई विंग की महिला कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष दुर्गा झा ने कहा कि, प्रदेश में धड़ल्ले से महिलाओं के प्रति हो रही विभिन्न प्रकार की हिंसा जैसे भ्रूण हत्या, शिक्षा से वंचित रखना, आर्थिक हिंसा, घरेलू हिंसा, मनोवैज्ञानिक हिंसा, दहेज प्रथा, आदि विषयों आदि के खिलाफ हमनें प्रदेश भर की महिलाओं की हक में आवाज उठाया है. महिलाओं के उत्पीड़न का कोई मामला संज्ञान में आता है. तो सरकार और प्रसाशन दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई नहीं करती है, जिससे लैंगिक हिंसा को बढ़ावा मिलता है।

# 2 सितंबर को राहुल आएंगे छत्तीसगढ़....

- राहुल गांधी युवा मितान सम्मेलन में शामिल होंगे और प्रदेश के युवा वर्ग से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे

रायपुर। संवाददाता

छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस राहुल गांधी का एक बड़ा कार्यक्रम रायपुर में कराने जा रही है। बताया जाता है कि 2 सितंबर को राहुल गांधी राजधानी रायपुर आएंगे। पीसीसी सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को और अधिक सक्रिय करने, पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से राहुल गांधी का छत्तीसगढ़ दौरे का कार्यक्रम बनाया जा रहा है। इसी क्रम में 2 सितंबर को राहुल गांधी का राजधानी प्रवास प्रस्तावित किया गया है। इस प्रस्ताव पर पीसीसी के सभी बड़े नेताओं ने अपनी सहमति जाहिर की है। रायपुर प्रवास के दौरान राहुल गांधी युवा मितान सम्मेलन में शामिल होंगे और प्रदेश के युवा वर्ग से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कांग्रेस के अनुसार इसके बाद 8 सितंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ सकते हैं। बहरहाल दिल्ली से अभी राहुल गांधी के कार्यक्रम को हरी झंडी नहीं मिली है।

मंत्री अबकर ने नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में 25 कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया

# ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का विकास करना हमारी प्राथमिकता

- कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने सहसपुर लोहारा नगर पंचायत को 02 करोड़ 17 लाख 24 हजार रूपए से स्वीकृत विकास मूलक कार्यों की सौगत दी

रायपुर/ संवाददाता

प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, विधि-विधायी मंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान विधानसभा क्षेत्र के सहसपुर लोहारा नगर पंचायत को जन आकांक्षाओं के अनुरूप 02 करोड़ 17 लाख 24 हजार रूपए की लागत से स्वीकृत 25 अलग-अलग विकास मूलक कार्यों की विधिवत भूमिपूजन किया। मंत्री श्री अकबर ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सहसपुर लोहारा नगर पंचायत को 02 करोड़ 17 लाख 24 हजार रूपए की सौगात मिलने से विकास के मुख्यधारा में जोड़कर आगे बढ़ने में विशेष बल मिलेगा। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि क्षेत्रों का विकास करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं की जानकारी मिलती है। उनकी मांगों के अनुरूप विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किया है। जिसका आज भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य होने से क्षेत्र का विकास होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना और जनहित से जुड़े मांग, समस्याओं का प्राथमिकता में निदान भी किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष श्री चोवा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आनारा साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लीला धनुक वर्मा, श्री अगम दास अनंत सहित पार्षदगण, सभापति, एल्डरमेन, जन प्रतिनिधि, युवा उपस्थित थे। मंत्री श्री अकबर ने 02 करोड़ 17 लाख 24 हजार रूपए से स्वीकृत विकास कार्यों का किया भूमिपूजन मंत्री श्री अकबर ने नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में 19 लाख 40 हजार रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 01 में नया तालाब रास्ते के लिए पुलिया निर्माण कार्य, 10 लाख 60 हजार रूपए की लागत से वार्ड 02 में बुद्धु यादव के घर से नरायण साहू के घर तक एवं सीताराम के घर से त्रिलोचन घर, बोरपंप तक आरसीसी नाली निर्माण, 8 लाख 81 हजार रूपए की लागत से वार्ड 02 में राजाराम के घर से गोविंद के घर के पास आरसीसी नाली निर्माण, 01 लाख 49 हजार रूपए की लागत से वार्ड 03 खेलन यादव से पिरित के घर तक सीसीरोड़ निर्माण, 02 लाख 12 हजार रूपए की लागत से वार्ड 03 गोरे साहू के घर से दिनेश घर तक सीसीरोड़ निर्माण, 10 लाख 20 हजार रूपए की लागत से वार्ड 03 में त्रिलोचन साहू के घर तक सीसी रोड़ निर्माण, 04 लाख रूपए की लागत से वार्ड 04 में पचरी निर्माण कार्य।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-संदीप तिवारी द्वारा अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग-मोवा रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग -मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन:-9301031000, 0771-6556444 bharatbhaskar222@gmail.com